अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### 13 विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन विकास को 10.19 करोड़ स्वीकृत

**अयोध्या, अमृत विचार :** पर्यटन विभाग ने मंडल के जिलों में विभिन्न स्थलों के सौंदर्यीकरण नवनिर्माण और जीवन आधार के लिए राज्य योजना के तहत परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। सूचना विभाग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने स्वीकृत धनराशि में से प्रथम किस्त की धनराशि जारी कर दी गई है।

### जिला न्यायालय में 24 व 25 अप्रैल को अवकाश

**अयोध्या, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के आदेश पर 24 व 25 अप्रैल को जिला न्यायालय अयोध्या में अवकाश रहेगा। इस अवकाश के स्थान पर 25 जुलाई चतुर्थ शनिवार और 22 अगस्त चतुर्थ शनिवार को जिला न्यायालय पूर्व और नियमित न्यायिक कार्य संपादित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने सभी न्यायालयों कार्यालय को भेज दी है।

### प्रतियोगिता के सफल बच्चों का सम्मान आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** एकलव्य एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-2026 के सफल 120 विद्यार्थियों को आज बुधवार को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में एक हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। व्यायाम शिक्षक हरिकिशन ने बताया जिले स्तर की सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता कक्षा 9 व 10 में हर्षित शर्मा, अंश यादव, आराधना निषाद सहित अन्य बच्चों ने विभिन्न तरह के पुरस्कार पाकर अपने विद्यालय, क्षेत्र, माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन किया है।

### फ्री ट्रायल बैठकें आज से

**अयोध्या।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें पारिवारिक मामलों का अधिकार अधिक निस्तारण करने के प्रयोजन से और पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता संपन्न करने के लिए परिवार न्यायालय प्रांगण में अपराह्न तीन बजे प्री ट्रायल बैठक 16, 20 व 27 अप्रैल एवं 1 व 4 मई को आयोजित की जाएगी। इन तिथियां पर पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता संपन्न कराई जाएगी। यह जानकारी प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अयोध्या द्वारा दी गई।

### ज्ञान भक्ति और कर्म मार्ग का समन्वय है अयोध्या: जिला जज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम का व्यक्तित्व सर्वांगीण है। राम जहां मर्यादा के लिए जाने जाते हैं वहीं कृष्ण प्रेम के लिए। बार और बेंच दोनों अयोध्या को अपने जीवन में उतारे क्योंकि भक्ति मार्ग कर्म मार्ग और ज्ञान मार्ग का समन्वय है अयोध्या। यहीं से निकलकर तीनों धाराएं चलती है। यह बातें कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों के विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि यहां की बार एसोसिएशन एकदम मर्यादित है और मर्यादा में रहकर ही यहां के अधिवक्ता बेंच के समक्ष पेश आते हैं। इस मौके पर स्थानांतरित जजों को अंग वस्त्रम पुष्प गुच्छ और राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया। समारोह को अपर जिला जज महेंद्र कुमार अनिल कुमार वर्मा, राकेश कुमार, प्रेम प्रकाश, न्यायिक अधिकारी बलराम दास जायसवाल, अंशु माली पांडे, अनुज सिंह, सोनम उपाध्याय, प्रत्यूष आनंद मिश्रा, सुलोचना वर्मा, अजय कुमार, पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, मंत्री राम शंकर यादव ने भी संबोधित किया। संचालन अधिवक्ता हेमंत त्रिपाठी ने किया।



## सीबीएसई 10वीं का परिणाम जिले के लिए रहा सुखद, 92 फीसदी बच्चे हुए उत्तीर्ण

सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा का परिणाम आने के बाद खुशी से उछलते उदया पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा का परिणाम आने के बाद सेल्फी लेती छात्राएं।



# 98.6 फीसदी अंकों के साथ उदया की सौम्या ने लहराया परचम

## सफल बच्चों में रहा उल्लास, स्कूलों में मिठाई खिलाकर बांटी खुशियां

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** सीबीएसई 10वीं का बुधवार को आया परीक्षा परिणाम जिले के लिये सुखद रहा। उदया पब्लिक स्कूल की सौम्या गुप्ता सर्वाधिक 98.6 अंक हासिल कर जिले में अव्वल रहीं। जिले के लगभग 92 फीसदी बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। शेष लगभग आठ फीसदी बच्चों को दोबारा आयोजित होने वाली परीक्षा में मौका मिलेगा। स्कूलों में परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके साथ खुशियां बांटी गई। बच्चों में उल्लास रहा।

उदया पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत उत्तीर्ण बच्चों के साथ रहा। स्कूल के 26 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 65 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। स्कूल के प्रभात तिवारी ने 98.4, रश्मि सिंह 97.8, धैर्य सिंह 97.6, प्रांशू सिंह 97.6, शाम्भवी सिंह 97.6, अमित विक्रम नायर 97.2, तरूनिका मौर्या 97.2, राजीव त्रिपाठी 97, चारू गुप्ता 96.8, रिद्विमा पाण्डेय 96.2, श्रेष्ठ सिंह 96.2, विनायक वर्मा 96 व श्रेयसी गुप्ता ने 96 फीसदी अंक हासिल किए।

आयुष निषाद, राजीव त्रिपाठी, अदिति पाण्डेय, विनायक वर्मा, उज्जवल गुप्ता, अक्षत सिंह, आरोही मिश्रा, प्रांशू सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रेयस सिंह ने कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। धैर्य प्रताप सिंह ने सोशल साइंस में शत् प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के चेयरमैन डॉ. चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, निदेशक अपूर्वा त्रिपाठी, डॉ. अरूण कुमार तिवारी, चीफ एजूकेशन अफसर जीवेंद्र सिंह, प्रिंसिपल निधी सिन्हा ने सभी बच्चों बधाई दी।

सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। स्कूल के शानदार परिणाम आने पर निदेशक विशाल गुप्ता, प्रधानाचार्य अनिल कुमार, एम.बी.समन्वयक डॉ. प्रगति श्रीवास्तव सहित शिक्षकों ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। जयपुरिया स्कूल के शिवांश पाल 98 फीसदी, रुद्रांश तिवारी 98, मीमांसा सिंह 96.8, कुंवर प्रतीक सिंह 94.8, सरस पाण्डेय 94.6, दिव्यांश वर्मा व आयुष यादव ने 94.4 फीसदी अंक प्राप्त किया। स्कूल के सभी 93 बच्चों ने सफलता हासिल कर अपने विद्यालय, प्रधानाचार्य और समस्त गुरुजनों का मान बढ़ाया।

महाराजा पब्लिक स्कूल के सौमित्र शुक्ला ने 96 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सिद्धार्थ दूबे ने 95 व रमन चौरसिया ने 95 फीसदी अंक प्राप्त किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। निदेशक शैलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र व प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने सभी बच्चों को बधाई दी।

भवदीय पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की छात्रा ईशान्वी श्रीवास्तव ने 97फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर दक्ष श्रीवास्तव ने 95.8 फीसदी अंक प्राप्त किए। सूर्यांश दुबे एवं सोनाक्षी उपाध्याय ने 95.2% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के कुल 25 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दीपक सिंह पोखरिया ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आठ प्रतिशत बच्चे दोबारा देंगे परीक्षा



अच्छे अंक प्राप्त करने पर मिठाई खिलाती मां।

### विद्यालय में यश रहे अव्वल

द कैम्ब्रियन स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यश सोनी सर्वाधिक अंक 98.2 अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। शौर्य प्रताप सिंह ने 96.2 फीसदी के साथ द्वितीय स्थान व अस्तित्व चोपड़ा 96 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहें। देवेश दूबे 95.8 फीसदी अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर, प्रियाशीं अग्रवाल 95.4 व सूर्याश प्रताप सिंह 95.4 फीसदी अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर रहे। विद्यालय की निदेशिका डॉ. सीमू संजय घई ने छात्र और छात्राओं के परिश्रम की सराहना की। प्रधानाचार्य जयंत चौधरी तथा उप प्रधानाचार्या कौसर फातिमा ने छात्र और छात्राओं को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### झलकी खुशी

सनबीम स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 83 बच्चों में 50 बच्चे 90 फीसदी से अधिक अंक के साथ सफल रहे। स्कूल के ऋषभ ने 98 फीसदी, आदित्य वर्मा 97, कुशाग्र शुक्ला व उत्कर्ष वर्मा 96.8, प्रत्यांशी व कुशाग्र सिंह ने 96 फीसदी अंक हासिल किए। प्रधानाचार्या रश्मि भाटिया ने सभी बच्चों को बधाई दी।

अनिल सरस्वती स्कूल के 288 बच्चों में 266 उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में एक छात्र फेल हुआ और 23 बच्चों का कम्पार्टमेन्ट रहा। स्कूल के दिव्य पांडेय ने 95 फीसदी अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य क्रांति शुक्ला, उप प्रधानाचार्य विमल सिंह सहित शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी।

### शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

अवध इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के सभी 218 बच्चे अच्छे नंबरों से पास हुए। छात्रा अदिती चौधरी ने 98 फीसदी और श्रद्धा पाण्डेय ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। स्वधा जायसवाल ने 97.2% अंक प्राप्त कर दूसरा व तेजस गौड़ एवं गरिमा वर्मा ने 97% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। रिसिका वर्मा, गार्गी तिवारी, देवाशं यादव, आरुष प्रताप, अमन सिंह एवं आराध्या गोस्वामी ने 95% अंक प्राप्त किये। स्वधा जायसवाल ने कम्प्युटर में और आरुष प्रताप ने विज्ञान में शतप्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय के संरक्षक अतुल कुमार सिंह, निदेशिका कविता सिंह, अध्यक्ष शान्तनु सिंह, अस्मिता सिंह एवं प्रधानाचार्य विष्णु कुमार गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जेबी अकादमी का परिणाम सुखद रहा। अकादमी के 156 बच्चों में पांच का कंपार्टमेंट रहा। अकादमी की गीतांजलि मोटवानी ने 98.4 फीसदी, जरी अब्बास व शताक्षी श्रीवास्तव ने 98, तकी अली जैदी ने 96.8 फीसदी व अवतांश प्रताप सिंह ने 96.6 फीसदी अंक हासिल किये। निदेशक मंजुला झुनझुनवाला, प्रधानाचार्य डॉ. दिव्या शुक्ला, पूर्व प्रधानाचर्य वीके जोशी, को-ऑर्डिनेटर सुधीर कुमार गुप्ता, कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष अजमी आब्दी ने बच्चों को बधाई दी।



दिव्यांश वर्मा 94.4%



आयुष यादव 94.4%



रुद्रांश तिवारी 98%



कुंवर प्रतीक 94.8%



मिमांशा सिंह 96.8%



सरस पांडे 94.6%



शिव अंश पाल 98%

## नहीं करना होगा 100 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए सत्यापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फंडे ने बुधवार को आश्वासन दिया कि 100 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए सत्यापन नहीं करना होगा। वे कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस की बैठक कर रहे थे। इसमें किसानों ने छुट्टा जानवर, विद्युत आपूर्ति, प्रदूषण पर रोक, फॉर्मर रजिस्ट्री, गेहूं बिक्री आदि का मुद्दा उठाया। बैठक में भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराई जाने, यश पेपर मिल से फैलाई जा रही प्रदूषण पर रोक लगाने, गेहूं खरीद में किसानों को तंग न करने, फार्मर रजिस्ट्री, केसीसी में चार फीसदी ही ब्याज लिए जाने, गन्ना मूल्य का भुगतान कराए जाने सहित कई अन्य मामले उठाए। डीएम ने गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने का निर्देश। डीएम ने सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराये जाने के लिए कहा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन विभाग की योजना नंद बाबा मिशन के बारे में जानकारी दी। बैठक में उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, जिला मुख्य पशुधन अधिकारी, जिला सहायक निबंधक के साथ किसान सूर्यनाथ वर्मा, राम गणेश मौर्य, श्री राम वर्मा, फरीद अहमद शंकरपाल पांडे आदि मौजूद रहे।

- बैठक में किसानों ने छुट्टा जानवर, विद्युत आपूर्ति, फॉर्मर रजिस्ट्री, गेहूं बिक्री आदि का मुद्दा उठाया

# मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य कक्ष में भिड़े डॉक्टर- इंजीनियर

अयोध्या कार्यालय।

- जेई ने लगाया जूता उतारकर मार देने व मानसिक रूप से प्रताड़ित होने का आरोप, जांच की मांग
- दोनों पक्ष ने पुलिस को दी शिकायत, संकाय सदस्यों में माहौल तनावपूर्ण

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को डॉक्टर व इंजीनियर के बीच भिड़ंत होने का मामला सामने आया है। ब्लड बैंक प्रभारी प्रो. डॉ डीके सिंह पर जेई राजेश कुमार गुप्ता ने अश्लील व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जूता उतारकर मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि यह सब कुछ प्राचार्य कक्ष में हुआ। मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए इंजीनियर ने प्राचार्य को शिकायती पत्र देते हुए कॉपी प्रमुख स्वास्थ्य सचिव तक भेजी है। वहीं दूसरी तरफ प्राचार्य की तरफ से भी जेई के खिलाफ केस दर्ज करने की तहरीर दी गई है।

मेडिकल कॉलेज में विद्युत विभाग से प्रतिनियुक्ति पर तैनात अवर अभियंता(जेई) राजेश कुमार ने शिकायती पत्र में बताया कि 13 अप्रैल को कार्यालय में तैनात हरिश्चंद्र ने फोन पर राजेश कुमार को तुरंत बुलाया। पहुंचने पर डॉ. डी.के. सिंह ने उन्हें पांच सोलर प्लेट चोरी होने का जिम्मेदार ठहराया। राजेश ने स्पष्ट किया कि प्लेटें शैक्षणिक ब्लॉक की छत पर बने लिफ्ट कक्ष में मिली थीं, जिनकी चाबियां इलेक्ट्रीशियन मनोज कुमार के पास हैं। गौरतलब है कि मनोज कुमार कुछ दिन पहले डीजल चोरी के मामले में राजेश कुमार द्वारा ही पकड़े गए थे। इसकी लिखित सूचना उन्होंने डॉ. दीपक सक्सेना को पहले ही दे दी थी। राजेश कुमार ने बताया कि इस घटना से कुछ दिन पहले ही उन्होंने महाविद्यालय की एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अंशु मिश्रा के अनुरोध पर इलेक्ट्रीशियन राजू साहू के साथ शैक्षणिक ब्लॉक का निरीक्षण किया था, जहां लाइट लगाने का स्थान चिन्हित करना था। उन्होंने साफ कहा कि न तो उन्होंने कोई सोलर प्लेट हटाई और न ही इसकी कोई संलिप्तता है, फिर भी बिना किसी प्रमाण के डॉ. डी.के. सिंह ने उनके साथ अनादरपूर्ण भाषा का प्रयोग किया तथा पैर से जूता निकालकर मारने की धमकी दी। शिकायत में राजेश कुमार ने पुरानी घटनाओं का भी जिक्र किया। 31 मार्च 2026 को उन्होंने मेडिकल कॉलेज गंजा में डीजल चोरी का मामला पकड़ा था, लेकिन डॉ. दीपक सक्सेना ने महाविद्यालय की छवि को ध्यान में रखते हुए शिकायत न करने की सलाह दी थी। इसके बावजूद राजेश कुमार ने 2 अप्रैल को डॉ. सक्सेना को लिखित शिकायत दी थी और आश्वासन मिला था कि प्रधानाचार्य को सूचित कर कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

इसके अलावा राजेश कुमार ने दर्शन नगर परिसर में बिना अनुमति टीन शेड बनाने के मामले में भी डॉ. डी.के. सिंह पर अनधिकृत दबाव डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि डॉ. सिंह और अनधिकृत ठेकेदार अविनाश सिंह लगातार विद्युत उपकेंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित करने, कैंटीन स्थापना के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र और प्राक्कलन देने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने प्रधानाचार्य से अनुरोध किया है कि तथ्यों की जांच के लिए तुरंत एक कमेटी गठित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। थाना पूराकलंदर में शिकायती पत्र दिए जाने की भी बात सामने आ रही है। थाना अध्यक्ष पूरा कलंदर महेश शर्मा ने बताया कि ऐसे किसी प्रकरण की जानकारी अब तक हमको नहीं है जानकारी मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### अवर अभियंता ने वरिष्ठ आचार्य के प्रति किया अभद्र व्यवहार

अवर अभियंता की ओर से शिकायती पत्र दिए जाने के बीच ही कॉलेज के प्राचार्य की तरफ से भी गंजा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्राचार्य डॉ. मर्तोलिया की ओर से लिखे गए पत्र के मुताबिक सोलर पैनल मेसर्स के माध्यम से अवगत कराया गया कि गंजा परिसर के स्थापित भवन के छत के ऊपर स्थापित हो रहे सोलर पैनल में पांच पैनल गायब होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद प्रधानाचार्य के द्वारा राजेश कुमार गुप्ता को बुलाया गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पैनल कम्पनी के लोग ही चोरी किये होंगे, लेकिन हुसैन, विपिन, मनोज इलेक्ट्रीशियन और अन्य कार्मिकों द्वारा पता लगाने हेतु भेजे जाने पर राजेश कुमार गुप्ता द्वारा संरक्षित कक्ष जिसकी ताला चाभी उन्हीं के पास अथवा उनके अधीन कार्यरत राजू के पास रहती है। उसी कक्ष में चोरी किये गये सोलर पैनल पाये गये। इस पर जूनियर इंजीनियर विद्युत को दोबारा बुलाये जाने पर उपस्थित व्यक्तियों (रोहित चौबे सुपरवाइजर मेसर्स बाजपेयी ट्रेडर्स, विवेक सिंह, शिवम सिंह व पंकज कुमार) के समक्ष पूछताछ किये जाने पर उनके द्वारा प्रधानाचार्य कार्यालय की गरिमा के विरूद्ध वरिष्ठ आचार्य एवं अन्य के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

## मामूली विवाद में हुई चाकूबाजी, पांच महिलाओं समेत छह घायल

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना कैंट अंतर्गत रेतिया मोहल्ले में मंगलवार रात तेरहवीं संस्कार में हुए विवाद के बाद हुई चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ के केस दर्ज किया है। घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता मुन्नी देवी पत्नी बब्लू निषाद निवासी निषाद नगर रेतिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात मोहल्ले में विजयपाल निषाद के यहां तेरहवीं का कार्यक्रम था। खाने का कार्यक्रम चल रहा था, उसी समय मोनू की पत्नी निक्की व पप्पू निषाद की पुत्री महक के बीच कहासुनी हो गई। बीच बचाव के लिये वह व रोशनी पप्पू के घर के समाने पहुंचे, उसी समय मोनू निषाद घर से बड़ा सा चाकू लेकर आया और जान से मार देने की नियत से मेरे व रोशनी के ऊपर हमला कर दिया। बीच बचाव के लिए जतिन निषाद पुत्र बब्लू, उमा निषाद पत्नी अर्जुन निषाद, बिंदू निषाद पुत्री अर्जुन निषाद व मीनाक्षी निषाद पुत्री अर्जुन आए तो उनके ऊपर भी चाकू से वार कर दिया। जिससे हम सभी को गम्भीर चोट आईं। मोहल्ले वाले वाले एकत्र हुए तो आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना कैंट प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी मोनू निषाद को गिरफ्तार कर लिया गया है, मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## जनगणना-2027 : 44 34 ब्लॉक, 48 84 प्रगणक व 838 पर्यवेक्षक तैनात

अयोध्या कार्यालय।

**अयोध्या।** जनगणना 2027 के लिए जनगणना निदेशालय की सेवा तैयार हो गई है। पहले चरण में मकान की गणना होगी। इसके लिए ब्लॉकों का गठन कर दिया गया। प्रगणक और पर्यवेक्षकों की तैनाती भी कर दी गई। इन कार्मिकों का 16 अप्रैल से प्रशिक्षण शुरू होगा।

जनगणना अधिकारी व एडीएम वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट के मुताबिक जिले को कल 4434 ब्लॉक में बांटा गया है। प्रत्येक ब्लॉक में लगभग 150 मकान और लगभग 800 की आबादी को रखा गया है। एक ब्लॉक में एक प्रगणक की तैनाती की जाएगी जो ब्लॉक के मकान की गणना करेंगे, साथ ही परिवार के मुखिया से सरकार से तय किए



- आज से शुरू होगा जनगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण

गए सवालों का जवाब लेंगे। इसको ऑनलाइन भरकर आगे बढ़ाएंगे खास बात यह भी है कि इस बार की जनगणना पहले से अलग है यह पोर्टल के जरिए की जाएगी। गणना के लिए प्रगणक और पर्यवेक्षण के लिए पर्यवेक्षकों का वेब पोर्टल पर अकाउंट जनरेट कर दिया गया है। पर्यवेक्षक के लिए 838 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इनमें रिजर्व प्रगणक और पर्यवेक्षक शामिल हैं। पर्यवेक्षकों की निगरानी के लिए चार्ज अस्तर के अधिकारी लगाए गए हैं।

पोर्टल के जरिए की जाने वाली मकान गणना के लिए गुरुवार से प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। पहले दिन 16 अप्रैल को नगर निगम क्षेत्र के दो जॉन के जनगणना कार्मिकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दिया जाएगा। मकान गणना के लिए पूरे नगर निगम क्षेत्र को तीन जोन में बांटा गया है। तीसरे जॉन के कार्मिकों का प्रशिक्षण 20 अप्रैल से शुरू होगा।

यूपी जिला अधिकारी सदर आरती त्रिपाठी ने बताया कि प्रेग्नेंट और पर्यवेक्षकों की तैनाती की जा चुकी है ब्लॉक बनाए जा चुके हैं। प्रशिक्षण 16 अप्रैल को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुरू होगा। तैयारिया पूरी कर ली गई है।



- सर्किट हाउस में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

भाजपा की बाइक व स्कूटी रैली में शामिल कार्यकर्ता।

## नारी शक्ति बंधन अधिनियम के समर्थन में निकाली बाइक-स्कूटी रैली

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नारी शक्ति बंधन अधिनियम के समर्थन में बुधवार को भाजपा ने बाइक व स्कूटी रैली निकाली। जो फतेहगंज चौराहे से चौक रिकाबगंज और सिविल लाइंस होते हुए सर्किट हाउस पहुंची। महिला मोर्चा व प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं ने इसकी अगुवाई की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी का झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया। चौक से रैली में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी भी शामिल हुए। समापन पर सर्किट हाउस सभागार में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसे अपना समर्थन दिया। महिलाओं को संबोधित करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। यह अधिनियम उसे दिशा में मजबूत पहल है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से समाज में समानता को बल मिलेगा। संयोजक रीना द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को अब राजनीति और नेतृत्व में आगे आने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संयोजन युवा मोर्चा महामंत्री आकाश सोमवंशी ने किया। कार्यक्रम में श्याम शर्मा, भारती सिंह, मोनिका सिंह, गरिमा मौर्य, अनीता द्विवेदी, खुशबू शर्मा, करुणा पांडे, शशि रानी शर्मा, हुकुमकेश पांडे, अनामिका मिश्रा, उर्मिला सिंह, सुधा पांडे, नेहा जायसवाल, महामंत्री परमानंद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, मुकेश तिवारी सहित अन्य लोग थे।

**न्यूज ब्रीफ**

### साक्षी महाराज के खिलाफ रिपोर्ट की मांग, भेजा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के संरक्षक कृपा निधान तिवारी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। यह ज्ञापन उन्होंने उन्नाव के सांसद स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज से ब्राह्मणों को अपशब्द कहने के विरोध में दिया है। कहा कि देशद्रोह की धाराओं में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए अन्यथा 15 दिन के अंदर कार्रवाई न होने पर सनातन धर्म एवं चाणक्य परिषद के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में डॉ. रामतेज पांडे, उमाशंकर तिवारी, बार एसोशिएशन के पूर्व पारस नाथ पांडे, राज किशोर शर्मा, देवकीनंदन त्रिपाठी एडवोकेट आदि थे।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** किशोरियों को गंभीर बीमारी से बचाने के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान को तेज गति दी गई है। सीएचसी मिल्कीपुर को 550 वायल टीका प्राप्त हुआ है, जिनमें से अब तक 50 डोज किशोरियों को लगाए जा चुके हैं। वहीं सीएचसी खंडासा को 450 वायल मिले, जिनमें से 40 डोज का उपयोग किया गया है। सीएचसी हैरिंग्टनगंज को 500 वायल टीका प्राप्त हुआ, जहां अब तक 50 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। हैरिंग्टनगंज के अधीक्षक डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि यहां लगभग एक हजार डोज टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएचसी मिल्कीपुर अधीक्षक डॉ. आनंद सिन्हा ने बताया कि यह टीका विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए निर्धारित है।

### मंडलीय समीक्षा बैठक 27 को बाराबंकी में

**अयोध्या, अमृत विचार :** मार्च महीने की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट बाराबंकी में 27 अप्रैल को दोपहर एक बजे से होगी। राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा एक बजे से दो तक विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा तीन से पांच बजे तक और कानून व्यवस्था की समीक्षा पांच से छह बजे तक की जाएगी। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने दी।

### विद्युत कर्मियों को पीटा, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत जलवानपुरा मोहल्ले में अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य कर रहे विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। विद्युत कर्मी प्रमोद निषाद निवासी तारापुर रजौली थाना कैंट द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि 14 अप्रैल की रात 12 बजे वह विद्युत विभाग के निर्देश पर जलवानपुरा मोहल्ले में अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य करा रहा था। इस दौरान प्रभु गेस्ट हाउस के मालिक अमित मिश्रा पांच लोगों के साथ आए व कार्य का विरोध करते हुए गाली देने लगे। इस पर उन्हें बताया गया कि सरकारी कार्य हो रहा है, जिससे नाराज अमित व उनके साथियों ने मेरे व काम कर रहे कर्मियों के ऊपर ईंट व लोहे की सरिया से हमला कर दिया। इससे मुझे व सहकर्मी शनी के सिर में गंभीर चोटें आई। आरोप है कि आरोपियों ने उनका घड़ी व मोबाइल भी छीन लिया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमित मिश्रा व पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# निगेटिव मार्किंग के विरोध में घेरा कुलसचिव कार्यालय

**अवध विश्वविद्यालय के निर्णय के विरोध में उग्र हुए छात्रों का हंगामा, कर्मियों से झड़प**

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मूल्यांकन में निगेटिव मार्किंग के विरोध में बुधवार को छात्र अचानक आंदोलित हो गये। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और समाजवादी छात्र सभा ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने तत्काल निगेटिव मार्किंग वापस लेने की मांग की, ऐसा न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान विधार्थी परिषद कार्यकर्ताओं से विश्वविद्यालय कर्मियों की झड़प भी हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर स्नातक व परास्नातक की सम सेमेस्टर की परीक्षा में निगेटिव मार्किंग के विरोध में दोपहर विश्वविद्यालय पहुंची। नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए उपकुलसचिव को ज्ञापन देकर कड़ा विरोध जताया। प्रांत सहमंत्री शिवम मिश्रा ने कहा कि अवध विश्वविद्यालय में स्नातक एवं परास्नातक तक की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में नेगेटिव मार्किंग की सूचना से विद्यार्थियों में चिंता व आक्रोश है। नेगेटिव मार्किंग समाप्त करना छात्र हित में है।

विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए, न कि ऐसी परीक्षा प्रणाली लागू करना जिससे छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, महानगर मंत्री जयश्री रावत, समाजकार्य विभाग की छात्रा रुचि पांडेय आदि ने सेमेस्टर परीक्षाओं से माइनस मार्किंग प्रणाली तत्काल समाप्त की मांग उठाई। विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, प्रांत कार्यसमिति सदस्य उत्कर्ष पाण्डेय, इकाई मंत्री नेहा वर्मा, जिला संयोजक दिवाकर चौरसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अवध विवि के उप कुलसचिव को ज्ञापन देते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी।

### समाजवादी छात्र सभा ने सौंपा ज्ञापन

समाजवादी पार्टी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांशु तिवारी एवं छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा की नेतृत्व में इंजीनियरिंग छात्रों के भविष्य और दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली को लेकर कुलपति प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। नकारात्मक अंकन को तत्काल समाप्त करने की मांग की गई। शिवांशु तिवारी ने कहा माइनस मार्किंग छात्रों का विश्वास तोड़ रही है। छात्र सभा महानगर अध्यक्ष अजय मिश्रा, उपाध्यक्ष सौरभ यादव, हर्षवीर, अर्चना सिंह, अंजली मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संघ की उठाई गुमटी, आक्रोशित वकीलों ने किया रामपथ जाम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर निगम के कर्मचारी अधिवक्ता संघ की गुमटी उठा ले गए। इसकी जानकारी होने पर बुधवार को आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सुबह करीब 11:30 बजे रामपथ जाम कर दिया। घंटों बवाल के बाद नगर निगम के कर्मचारियों से वार्ता हुई और उन्होंने अबिलंब गुमटी उसके स्थान पर रखवाई। तब अधिवक्ता राम पथ छोड़ कचहरी गए। क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि इससे पुलिस का कोई मतलब नहीं था। नगर निगम वाले अधिवक्ता संघ की गुमटी उठा ले गए थे। उसे वापस उसी स्थान पर रखवा दिया गया। दो दिन पहले कचहरी के गेट नंबर तीन से नगर निगम के कर्मचारी अधिवक्ता संघ की गुमटी उठा ले गए। इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए अधिवक्ता संघ को हुई। कचहरी खुलते ही बुधवार को संघ अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से अनाउंसमेंट करवाया कि सभी अधिवक्ता रामपथ पर आ जाएं। इसके बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कचहरी से निकाल कर रामपथ जाम कर दिया। राम पथ जाम होते ही वाहनों की कतार लग गई। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने रूट डायवर्जन करके किसी तरह स्थिति नियंत्रित किया। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी शहर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडे समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों को भी अधिवक्ताओं ने खदेड़ा। एक घंटे तक रामपथ पूरी तरह से जाम रहा। एक चार पहिया वाहन लाद कर ले जा रहे यातायात विभाग के ट्रैक्टर के चालक को अधिवक्ताओं ने खदेड़ दिया। अधिकारियों ने नगर निगम के कर्मचारियों को मौके पर बुलवाया और उनसे वार्ता की। अविलंब अधिवक्ता संघ की गुमटी इस स्थान पर रखवाने को कहा इसके बाद नगर निगम के कर्मचारियों ने गुमटी लाकर उसे उसके स्थान पर रख दिया। तब अधिवक्ता रामपथ छोड़ कचहरी चले गए। रामपथ जाम करने वालों में संघ अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा, मंत्री शैलेंद्र जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष संजीव दुबे, दूधनाथ मिश्रा, कमलेश शर्मा, प्रदीप कुमार मिश्रा समेत अन्य समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



रामपथ पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

## आरटीसी योजना लागू, 226 वाहनों का चालान, 2.26 लाख जुर्माना तय

**अयोध्या कार्यालय।**



आरटीसी योजना के तहत फतेहगंज चौराहे पर वाहनों की जांच करती यातायात पुलिस।

**अमृत विचार :** यातायात व्यवस्था में सुधार करने के लिए यातायात पुलिस की रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन (आरटीसी) योजना अयोध्या शहर में लागू कर दी गई है। इस योजना के प्रथम चरण में चयनित प्रदेश के 20 जिलों में अयोध्या भी शामिल है। योजना के तहत जिले के 10 प्रमुख मार्गों को चयनित किया गया है। इन मार्गों पर अतिक्रमण हटाने के साथ नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों कार्रवाई की जाएगी। सभी मार्गों पर रूट मार्शल की तैनाती भी कर दी गई है, मंगलवार को इन रूटों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 226 वाहनों का चालान करते हुए 2.26 लाख तय किया।

योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में यातायात बाधाओं को दूर कर आम जनता की दैनिक आवाजाही को सरल और सुगम बनाना है। अधिकारियों के अनुसार वैज्ञानिक अध्ययन में यह पाया गया कि अलग-अलग समय पर एक ही मार्ग पर यात्रा समय में बड़ा अंतर आता है। इसी आधार पर ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी गई है, जहां यातायात दबाव अधिक है और जाम की समस्या बार-बार बनती है। जाम कम करने के लिए योजना को 5ई मॉडल पर लागू किया जाएगा। इसमें शिक्षा व जागरुकता, प्रवर्तन कार्रवाई, इंजीनियरिंग व तकनीकी हस्तक्षेप, अतिक्रमण विरोधी अभियान व ई रिक्शा संचालन पर नियंत्रण आदि शामिल हैं।

इसमें एआई आधारित तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे न्यूनतम, अधिकतम और औसत यात्रा समय का विश्लेषण ग्राफ और तालिका के रूप में मिलेगा। नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन से अपने क्षेत्र के चिन्हित मार्गों की रियल टाइम स्थिति और जाम के बिंदु देख सकेंगे। यातायात अधिकारियों के अनुसार इस योजना के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की जाएगी। पहले चरण में जिन 20 जिलों में इसे लागू किया गया है, वहां एक महीने बाद गहन अध्ययन और समीक्षा होगी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

- **योजना लागू करने वाले प्रदेश के 20 जिलों में अयोध्या भी शामिल, चिह्नित हुए 10 मार्ग, रूट मार्शल तैनात**
- **अभियान के तहत उक्त मार्गों से हटाए जाएंगे अतिक्रमण, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर होगी कार्रवाई**

**अयोध्या में ये 10 मार्ग हुए चिह्नित**

1- मनूचा तिराहा से यश पेपर मिल तक।
2- रिकाबगंज चौराहा से मनूचा तिराहा तक।
3- मकबरा तिराहा से मसौधा बाजार तक।
4- बेनीगंज चौराहा से फतेहगंज चौराहा तक।
5- अग्रसेन चौक से मऊ शिवाला तक।
6- दूरदर्शन चौराहा से मऊ शिवाला तक।
7- रायगंज कनीगंज तिराहा से रामघाट चौराहा तक।
8- पोस्ट ऑफिस तिराहा से टेढ़ी बाजार तक।
9- मुकेरीपुर गोसाईगंज बाजार से बाईपास गोसाईगंज तक।
10- पिपरी जलालपुर तिराहा से कस्बा बीकापुर तिराहा तक।



यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए चयनित रूट मार्शल व कंजेशन प्वाइंट पर यातायात पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गई है। उनके द्वारा यातायात संचालन को सुगम बनाने की कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान चलाकर मंगलवार को उपरोक्त मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आमजन को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। दुकानदारों को अवैध अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई और नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत कुल 226 वाहनों का चालान किया गया व 2.26 लाख का जुर्माना तय किया गया।
-डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी अयोध्या।



ब्लाक संसाधन केंद्र अरकुना में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक व अन्य।

### शिक्षक अनवरत समाज को संवरता है : लेखा अधिकारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** सोहावल के ब्लॉक संसा साधन केंद्र अरकुना में जूनियर शिक्षक संघ द्वारा विदाई समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि वित्त लेखा अधिकारी बेसिक अनुपम कुमार ने कहा कि शिक्षक अनवरत समाज को शिक्षित करता है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी शिक्षक क्षेत्र में अपना योगदान दे सकते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सोहावल रविता राव ने परवीन इकबाल, आशा सिंह, नाहिदा बेगम, जनक लाल वर्मा, सुभद्रा सिंह, देव नारायण शुक्ला, राजेंद्र नाथ को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक संयोजक उमाशंकर, जिला कोषाध्यक्ष तारिक अनवर, दीपक कुमार वर्मा, हरीश सिंह रावत, जिला कोषाध्यक्ष फूल चंद सरोज आदि मौजूद रहे।

## विधायक रामचंद्र यादव ने 2.15 किमी. सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

**मवई, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** रूदौली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने बुधवार को तेर संपर्क मार्ग से परसून पुरवा संपर्क मार्ग तक बनने वाली नई सड़क का विधिवत भूमि पूजन किया। 2.15 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 150.63 लाख रुपये की लागत आएगी।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बेहतर सड़कों का निर्माण उनकी प्राथमिकता में शामिल है। सड़क बनने से परसून पुरवा समेत आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी।

कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-4 अयोध्या के सहायक अभियंता मिथिलेश कुमार, अवर अभियंता लालमणि पटेल, विकल्प कनौजिया, महेश प्रसाद वर्मा, रामदेव रावत, तेज तिवारी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करते रुदौली विधायक रामचंद्र यादव।


**शिवशंकर सिंह स्मारक महाविद्यालय करीमपुर, रुदौली- अयोध्या**
सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

**में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है –**

**प्राचार्य** – 01 पद,
**स्नातक स्तर पर** कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु–संस्कृत, प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी प्रत्येक विषय में प्रवक्ता (02–02) पद
**परास्नातक स्तर पर** कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु –राजनीति शास्त्र, हिन्दी प्रत्येक विषय में प्रवक्ता (02–02) पद।
**योग्यता व वेतनमान –** यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।
**भवदीय – प्रबंधक**


## याद-ए-शोहदा कार्यक्रम में इंसानियत का पैगाम

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** इमामबाड़ा जवाहर अली खां में आयोजित याद-ए-शोहदा कार्यक्रम के जरिए जहां हिंदुस्तान के लिए कुर्बानी का जज्बा गूंजा वहीं इंसानियत के लिए एकजुटता का पैगाम भी।

अल कायम फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से सोमवार रात संस्थापक सफी हैदर रहबरे मुअज्जम आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पर आयोजित कार्यक्रम हर एक दिल पर अपनी छाप छोड़ गया। याद-ए-शोहदा मजलिस-ए-चहलुम इमामबाड़ा जवाहर अली खान में अल-कायम फाउंडेशन ट्रस्ट की जानिब से की गई। मजलिस को रहबरे मुअज्जम आयतुल्लाह अली खामेनेई के खास नुमाइंदे आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने खिताब किया। उन्होंने मसाइब-ए-कर्बला का बयान किया। दूसरे शोहदा-ए-ईरान तथा मीनाब में शजरा-ए-तैय्यबा गर्ल्स स्कूल ईरान में शहीद होने वाले बच्चों का भी जिक्र किया। यह नसीहत भी दी कि अपने मुल्क से वफादारी और मोहब्बत ही सच्चा ईमान है। फाउंडेशन के संस्थापक सफी हैदर ने बड़ी संख्या में आए हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नजमुल हसन, महताब हुसैन, अफाक मेंहदी, काजी जुहैर, शिराज हुसैन आदि ने सहयोग दिया।



याद ए शोहदा कार्यक्रम तशरीफ लाए अयातुल्लाह डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही के साथ फाउंडेशन के पदाधिकारी व मेंबर।

- **कौमी एकता को मिला बल, गूंजे हिंदुस्तान जिन्दाबाद के नारे**

## किशोरी का शव कुएं में मिला

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के रेवली गांव में बुधवार सुबह एक किशोरी का शव गांव के पास स्थित कुएं में उतराता हुआ मिला। मृतका की पहचान निशा मौर्य (17), पुत्री छोटेलाल मौर्य के रूप में हुई है। वह मंगलवार दोपहर परिजनों से नाराज होकर घर से निकली थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। खंडासा पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी घर से नाराज होकर निकली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।


**कार्यालय उप निबन्धक, मनकापुर–गोण्डा।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप निबन्धक मनकापुर गोण्डा में एक वसीयत निबन्धन हेतु श्रीमती लाली पत्नी श्री जगदीश विश्वकर्मा निवासिनी इस्मैला प0 बूढ़ापायर तह0 मनकापुर जिला गोण्डा द्वारा प्रस्तुत किया गया जो राजाराम पुत्र गंगा प्रसाद उर्फ गंगाराम निवासी उपरोक्त द्वारा निष्पादित है। यदि इसके निष्पादन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन से एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकता है।

**आज्ञा से – हिमेन्द्र कुमार उपाध्याय**
**उप निबन्धक, मनकापुर जनपद– गोण्डा।**

**महाराजा देवीबख्श सिंह स्मारक संस्थान बनघुसराय डुमरियाडीह-गोण्डा**
(सम्बद्ध : मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में प्राचार्य तथा स्नातक स्तर पर हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है–
**अर्हता–** (01) महाविद्यालय प्राचार्य पद हेतु पी0एच0डी0 उपाधि सहित 15 वर्षो का प्राध्यापन अनुभव तथा (02) सहायक आचार्य पद हेतु स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन प्रमाणपत्र सहित पी0एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाणपत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/ उत्तर प्रदेश शासन/मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों / उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक


# श्रद्धालुओं का पानी खरीद कर पीना सामाजिक अपराध

**अयोध्या कार्यालय।**

- **'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में बोले महापौर, कहा- तेजी से विकसित हो रहा नगर निगम**

**अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का मानना है कि धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं का पानी खरीद कर पीना सामाजिक अपराध है। उन्होंने दावा किया कि नगर निगम लगातार इस दिशा में काम कर रहा है कि किसी भी श्रद्धालुओं को यहां आने पर खरीद कर एक बूंद भी पानी न पीना पड़े। कहा कि जल्द ही अयोध्या के प्रत्येक घर तक सरयू नदी के पवित्र जल की सप्लाई पेयजल के रूप में सुनिश्चित कराई जाएगी। महानगर के छह वार्डों में 24 घंटे तीसरे तल तक पानी पहुंचाने की योजना अमल में लाई जा रही है।

वह बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महापौर ने कहा कि 90 से अधिक वाटर कूलर व वाटर कियॉस्क के अलावा सैकड़ों इंडिया मार्का टू हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बस अड्डे के पीछे 500 लोगों के रात्रि विश्राम के लिए आवास का प्रबंध किया गया है। पर्यटन विभाग के सहयोग से हनुमानगढ़ी के सामने छाजन लगाया जा रहा है। बनवीरपुर, पलिया शाहबदी, गद्दोपुर में जल निकासी के लिए पंप और नाले का निर्माण कराया गया है। जलवानपुरा में जल भराव की समस्या काफी हद तक नियंत्रित हो गई है। नगर में तीन वर्ष के दौरान 235 सड़कों का निर्माण कराया गया है। 46 करोड़ की लागत से 90 सड़कों का निर्माण स्वीकृत हुआ है। विस्तारीकरण क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराए गए हैं। 500 किलोमीटर सीवर लाइन तथा पेयजल सुविधा के लिए प्रत्येक वार्ड तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। दावा किया कि 12 करोड़ रुपये की सोलर लाइट जल्द ही मिलने वाली है। इससे नगर की प्रकाश व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

महापौर ने बताया कि बाबा पागल दास के नाम पर मृदंग तिराहा की स्थापना की जाएगी। लेफ्टिनेंट शशांक त्रिपाठी के नाम पर कल्याण मंडपम का नामकरण, देवकाली बाईपास तिराहे का नामकरण कारगिल शहीद जगदंबा पांडे के नाम पर किया गया है। चौक एवं रामनगरी में विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों एवं सहित सैनिकों के परिवारों का गृह एवं जलकर माफ करने की मांग भी उठाई गई।

### लता चौक के पास बनेगा फूड वेंडिंग जोन

रामनगरी के प्रवेशद्वार लता चौक के पास बेंडिंग जोन का निर्माण कराया जाएगा। यहां स्ट्रीट फूड की व्यवस्था के साथ पेयजल और सफाई का भी विशेष प्रबंध होगा। इसके अलावा अन्य कई स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। नगर में लगे फौव्वारों के न चलने की शिकायत पर उन्होंने जांच कराकर चालू करने का वादा किया। इसके अलावा सफाई, जल निकासी, प्रदूषण से संबंधित कई मांगें आईं, जिस पर कार्रवाई का भरोसा महापौर ने दिया।

### दो कॉमर्शियल सिलेंडर बैकुंठ धाम से गायब

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम के अयोध्या धाम स्थित शवदाह बैकुंठ धाम से दो कॉमर्शियल सिलेंडर चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में समाजसेवी रितेश दास ने एक वीडियो भी वायरल किया है। उनका कहना है कि चोरी के संबंध में रानोपाली चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई है। बालू घाट स्थित बैकुंठ धाम का संचालन नगर निगम करता है। यहां लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। रितेश द्वारा बनाए गए वीडियो में बताया गया है कि बैकुंठ धाम में इलेक्ट्रिक व गैस से शवों को जलाने की व्यवस्था की गई है। वीडियो में नगर निगम का एक कर्मचारी बता रहा है कि यहां 18 भरे हुए कॉमर्शियल सिलेंडर लगे हुए थे। तीन दिन पूर्व से दो सिलेंडर गायब हो गए हैं। चौकी प्रभारी शेखर नाथ सिंह ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी करता हूं।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specialities)
- **Faculty of Management**

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# किसानों को आधुनिक विधियों से जोड़ना प्राथमिकता : शाही

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** मक्के की अच्छी प्रजातियों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं वैज्ञानिक विधियों से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। जिससे खेती को और अधिक आसान, प्रभावी होने के साथ-साथ लाभदायक बनाया जा सके। ये बातें बुधवार को कृषि और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहीं। वे आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में भ्रमण कर विभिन्न प्रक्षेत्रों पर हो रहे कार्यों को निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर कार्यों के प्रगति की समीक्षा भी की।



गोविंदनगर फार्म का निरीक्षण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

- कृषि विवि में बोले, कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री, टेक्नोलॉजी व गोविंदनगर फार्म का किया निरीक्षण

मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सबसे पहले परिसर स्थित टेक्नोलॉजी पार्क में लगाए गए मक्के की फसल का अवलोकन किया। यहां पर परीक्षण के तौर पर पांच प्रकार की प्रजातियों के मक्के की फसल की बोआई की गई है। वर्तमान समय में विवि संकर प्रजाति की कलिंगाराज एवं आर.सी. एम.एच का सीड भी तैयार कर रहा है। जो जलवायु परिवर्तन के अनुकूल है। इस दौरान मंत्री ने आधुनिक कंबाइन मशीन के माध्यम से गेहूं की कटाई के प्रदर्शन को देखा।

मंत्री ने प्रोडक्शन प्रोसेसिंग ऊसर वेस्टलैंड गोविंद नगरफार्म का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस फार्म को आदर्श औद्यानिकी विकास केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। कहा कि गुणवत्तायुक्त फल नर्सरी की स्थापना से भूमि सुधार के साथ-साथ यहां के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। मंत्री के विवि भ्रमण के दौरान समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, इंजीनियर, वैज्ञानिक एवं प्रक्षेत्र प्रभारी मौके पर मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी शिकायतें

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में आम लोगों की शिकायतें सुनी। भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण करें।

## उपजिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** निजी संक्रामणीय भूमि से वगैर सहमति के दबंग ठेकेदार और हाईवे के कर्मचारियों द्वारा दबंगई करते हुए पांच फीट गहरा मिट्टी की खुदाई कर ले जाने के मामले में पीड़ित ने उपजिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला जलालपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम रुकुनपुर थाना मालीपुर का है। गांव निवास भरथरी, राजबली और सूर्य बली ने जलालपुर उप जिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देकर बैरागल गांव निवासी विजय कुमार पर जबरन भूमि से मिट्टी खनन का आरोप लगाया है।




डॉ. भीमराव अम्बेडकर कल्याण ट्रस्ट द्वारा निकाली गई रैली में शामिल लोग। अमृत विचार

## आंबेडकर जयंती पर निकाली रैली

**अयोध्या।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की 135 वीं जन्म जयन्ती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर कल्याण ट्रस्ट द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल बाबा साहब की झांकी समेत अन्य झाकियां मुख्य केन्द्र रहीं। मुख्य मुख्य अतिथि महाबोधि महाविहार मुक्ति आन्दोलन के प्रेरता पूज्य भंते विमान चार्य जी थे, जो दिल्ली से कार्यक्रम में शामिल होने आये। शोभा यात्रा रमन गेस्ट हाउस पहुंची। जहां मुख्य अतिथि के साथ राजा पाठक, कृष्ण कुमार पासी, शरद पाठक बाबा, डॉ. बसते, हरिओम सोनकर समेत बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## गुरु इलेवन की टीम क्रिकेट चैम्पियन

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शुजागंज की गुलरेज इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच मंर गुलरेज इलेवन ने जिमिस्टोंन इलेवन को एकतरफा मुकाबले में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिमिस्टोंन इलेवन की पूरी टीम मात्र 54 रनों पर सिमट गई। गुलरेज इलेवन की जीत में सिरताज, शहजादे, अभिषेक वर्मा, सचिन सिंह और आनंद सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

# दलित बस्ती में आग का कहर तीन परिवारों के आशियाने जले

बीकापुर, अयोध्या।

- पीड़ितों ने लगाया जानबूझकर आग लगाने का आरोप, गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

**अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर खिद्दिरपुर में मंगलवार देर आधी रात करीब एक बजे आग लगने से दलित परिवारों के तीन आवासीय छप्पर जल गए। पीड़ितों का आरोप है कि आग लगने के समय कुछ संदिग्ध लोगों को भागते हुए देखा गया। आरोप लगाया कि आगजनी जानबूझकर की गई है।

ग्रामीण मंगलवार को आंबेडकर जयंती मनाने के बाद भोजन कर आराम करने की तैयारी कर रहे थे, पटाखे भी दगाए जा रहे थे। तभी अचानक एक छप्पर से आग की तेज लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया। मिही लाल, मनीराम व जगराम, शिव राम के आवासीय छप्परों को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घरों में रखा अनाज, साइकिल, बिस्तर, कपड़े, पेटी समेत घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पीड़ितों ने आरोप लगाते हुए बताया कि आग लगने के समय कुछ संदिग्ध लोगों को भागते हुए देखा गया। बताया कि जिस जमीन पर वह रह रहे हैं, उसे वर्ष 1994 में आवासीय पट्टा मिला था, लेकिन इसी भूमि को लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। मामला एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। गांव के निवासी दूसरे वर्ग पर आग लगाने के आशंका जताई गई। दो वर्गों में तनाव की सूचना मिलने के बाद रात में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, सीओ सुनील कुमार सिंह, कोतवाली बीकापुर, हैदरगंज, तारुन, इनायत नगर एवं रौनाही की पुलिस गांव में पहुंची व लोगों को समझा बुझकर स्थिति पर नियंत्रण किया। उपजिलाधिकारी श्रेया, सीओ सुनील कुमार सिंह, कोतवाल अमरेन्द्र बहादुर, रौनाही थाना प्रभारी लाल चंद्र सरोज व चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह सहित पुलिस व राजस्व टीम बुधवार सुबह मौजूद रही। उपजिलाधिकारी श्रेया ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है। बीकापुर कोतवाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। शिकायत पत्र मिला है जांच के बाद ही आग लगने की सही स्थिति का आकलन हो सकेगा।

## डीएवी एकेडमी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अंबेडकरनगर।** टांडा नगर के डीएवी एकेडमी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के मेधावी छात्रों में श्रेया वर्मा ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं श्रिया जायसवाल ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा शुभ खन्ना ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा कुल 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता हासिल किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक आनंद कुमार आर्य ने भी सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीपीआरओ ने दो सफाई कर्मचारियों को किया निलंबित

**बसखारी अंबेडकरनगर।** विकासखंड बसकरी अंतर्गत ग्राम पंचायत टंडवा दरब में स्थित पंचायत भवन में साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ न मिलने के चलते डीपीआरओ ने दो सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। सफाई कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई से पूरे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विकासखंड बसखारी में तैनात अधिकतर सफाईकर्मियों की कार्यप्रणाली लापरवाह रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र पांडेय बीते सोमवार को फॉर्मर रजिस्ट्री की हकीकत परखने के लिए टड़वां दरब के पंचायत भवन पर गये थे। डीपीआरओ जैसे ही पंचायत भवन में पहुंचे तो वहां पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था। गंदगी देखते ही डीपीआरओ, सचिव रामप्रवेश के ऊपर भड़क गये तथा तैनात सफाई कर्मचारियों पतिराम व रामजीत को तलब किया। संतोषजनक जवाब न मिलने पर डीपीआरओ ने दोनों सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया तथा सचिव राम प्रवेश को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह ने बताया कि दो सफाई कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बसखारी के एक गांव में तैनात सफाई कर्मचारी का नाम चर्चित 18 .40 लाख के लूटकांड में भी सामने आया है।

## ई-रिक्शा पलटने से बालक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की जान चली गई। मालीपुर थाना क्षेत्र के कालेपुर महुवल निवासी आकाश पुत्र मनोज अपनी मां के साथ ई-रिक्शा से खजूरी बाजार से घर लौट रहा था। बताया जाता है कि वह लोग प्लाई आदि सामान लेकर आ रहे थे। रास्ता खराब होने कारण अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें आकाश दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सीबीएसई परीक्षा : मेधावियों पर खूब बरसे अंक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने बुधवार को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विद्यार्थियों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद का नाम रोशन किया है। सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का खूब प्रदर्शन किया। जननपद के कई विद्यालयों के बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। रिजल्ट आने के बाद मेधावियों को सम्मानित भी किया गया।

अकबरपुर नगर स्थित एके पब्लिक स्कूल की शुभी शर्मा ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं मंगल राज 96 फीसद, स्वपनिल 95.8 फीसद अंक प्राप्त किया है। वहीं एके पब्लिक स्कूल के सूर्यांश उपाध्याय ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 94 प्रशित अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। सूर्यांश ने बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनकर गरीबों और असहायों की सेवा करना चाहते हैं। वहीं जलालपुर नगर के रेडियंट अकादमी की छात्रा मामूनी यादव ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय के प्रखर गुप्ता ने 97.6 प्रतिशत, आस्था यादव ने 97.2 प्रतिशत, अनुष्का मौर्या ने 97 प्रतिशत, सात्विक श्रीवास्तव ने 97 प्रतिशत, अनूम उमर ने 97 प्रतिशत, लक्ष्य दीप अग्रहरि ने 96.6 प्रतिशत, मोहम्मद सहन ने 96.6 प्रतिशत, वर्तिका वर्मा ने 96.6 प्रतिशत, सुईजल कशौधन 96.6 प्रतिश, रितेश मिश्रा 96.4 प्रतिशत, कुशाग्र तिवारी 96.4 प्रतिशत, अदिति पांडेय 96 प्रतिशत, आस्था पटेल 95.8 प्रतिशत, मोहम्मद आतिफ 95.8 प्रतिशत, स्वास्तिक सोनी 95 प्रतिशत, कृष्णा गुप्ता 95 प्रतिशत, रजत वर्मा 95 प्रतिशत, मोहम्मद रेहान ने 95 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। मामूनी यादव पुत्री शिवाकांत यादव निवासी भिटरी नसीरपुर बिड़हर जहांगीरगंज की रहने वाली हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने मामूनी यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



अकबरपुर नगर के एक पब्लिक विद्यालय के मेधावी छात्र। अमृत विचार



मामूनी यादव।



आयुष दुबे

## छात्रों ने टॉपर्स की सूची में बनाई जगह

**अम्बेडकरनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस बार के परिणाम में कई स्कूलों के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन सेंट जेवियर्स स्कूल अहरिया अकबरपुर के हाईस्कूल के बच्चों का शत प्रतिशत रिजल्ट लाया है। स्कूल के कई छात्रों ने 91 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर टॉपर्स की सूची में जगह बनाई। जिसमें सार्थक जायसवाल 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं शिवा तिवारी 97 फीसदी, अभिषेक सोनी 93 फीसदी व कृष्ण सिंह 93 फीसदी, आदित्य श्रीवास्तव 91फीसदी, जानवी त्रिपाठी 91 फीसदी, जिया तिवारी 91 फीसदी अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त की है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और लगातार मार्गदर्शन को इस सफलता का श्रेय दिया। सेंट जेवियर्स स्कूल के हाईस्कूल से जुड़े छात्रों ने विषयवार भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों में उच्च अंक शामिल हैं। स्कूल के एबंधक संतोष जायसवाल ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

## शत-प्रतिशत रहा विद्यालय का रिजल्ट

डॉ. अमृतलाल इशरत मेमोरियल सन बीम स्कूल एनटीपीसी विद्युत नगर के 10वीं के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नवीन शिखरों पर प्रतिष्ठित किया है। इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणामों में आयुष दुबे ने 98 .4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं द्वितीय स्थान पर मोहम्मद शायान अंसारी 96 .2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर तनाज जुबैर 96 .2 प्रतिशत ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम का अद्वितीय परिचय प्रस्तुत किया है। वहीं विद्यालय की अनुष्का रुहेला, हरिक्षा जायसवाल, हर्ष यादव, काव्या सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखा। समस्त विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो कि संस्थान की सुदृढ़ शिक्षण व्यवस्था, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# एलपीजी उपभोक्ताओं को बिना डीएसी ओटीपी नहीं मिलेगी गैस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण बदलाव लागू किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अब गैस सिलेंडर की डिलीवरी के लिए डीएसी ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। 31 मार्च 2026 तक जारी सभी पुराने ओटीपी अमान्य हो चुके हैं और 1 अप्रैल से नई व्यवस्था प्रभावी हो गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि नई प्रणाली के तहत गैस बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को तुरंत ओटीपी नहीं मिलेगा। गैस एजेंसी के उपलब्ध स्टॉक और प्रतिदिन की डिलीवरी क्षमता के आधार पर क्रमवार डीएसी जारी किया जाएगा। यानी जिस उपभोक्ता का बुकिंग नंबर पहले होगा, उसे पहले ओटीपी मिलेगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी उपभोक्ता का बुकिंग नंबर 846 है और एजेंसी रोजाना 120 सिलेंडर की डिलीवरी करती है, तो उससे पहले के 845 उपभोक्ताओं को ओटीपी मिलने के बाद ही 846वें उपभोक्ता को डीएसी प्राप्त होगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि उपभोक्ताओं ने मोबाइल ऐप, मिस्ड कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से गैस बुकिंग कर ली है, लेकिन अभी तक डीएसी प्राप्त नहीं हुआ है, तो उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें अपने क्रम का इंतजार करना होगा। जैसे ही उनकी बारी आएगी, सिस्टम द्वारा निर्धारित समय पर ओटीपी उनके मोबाइल पर भेज दिया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सिलेंडर की बुकिंग के बाद लॉक अवधि भी निर्धारित की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह अवधि 45 दिन और शहरी क्षेत्रों के लिए 25 दिन तय की गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में गैस एजेंसियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

## बकाया भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में बुधवार को आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने वर्ष 2024 से अब तक के बकाया भुगतान को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त किया। बुधवार को प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न मदों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इस कारण उन्हें गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ऊषा पटेल के नेतृत्व में सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें कई मांगें शामिल थीं, जिनमें आभा कार्ड, जननी सुरक्षा योजना और नसबंदी से संबंधित भुगतानों को तत्काल जारी करने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त एचबीवाईसी प्रशिक्षण का भुगतान और लंबित प्रशिक्षणों को शीघ्र पूरा कराने की भी मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने यह भी मांग किया कि राज्य से प्राप्त बजट और उसके खर्च का विवरण सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर निर्धारित मानक से कम भुगतान किया जा रहा है। इसे रोकने और मासिक भुगतान की नियमित जांच सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वह अपने आंदोलन को और तेज करेंगे।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**बसखारी, अंबेडकरनगर।** नालेनुमा गड्ढे के पानी में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वृद्ध की मौत से उसके परिजनों में कोहराम बचा हुआ है। विकासखंड बसखारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवहट निवासी भगेलु वर्मा( 52) पुत्र बहरइची बीते मंगलवार को हमेशा की तरह गांव के बाहर बने अपने मकान पर खा पीकर आराम करने के लिए पहुंचे थे। तत्पश्चात घर के पास में स्थित नालानुमा गड्ढे के पास नित्य क्रिया करने पहुंच गये। बताया जाता है कि भगेलु का पैर फिसल गया तथा वह नालेनुमा गड्ढे में गिर गये। गड्ढे के पानी में विद्युत करंट प्रवाहित हो रहा था। जिससे भगेलु विद्युत करंट की चपेट में आ गये तथा मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजन मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर टांडा पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनाम भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र अमित पटेल ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया की प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## हादसे में युवक की मौत के मामले में केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र में सप्ताह भर पूर्व हुई सडक़ दुर्घटना में बुलेट सवार ट्रांसपोर्टर की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम इटौरी निवासी बलवंत सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके भाई रोमिन्त सिंह 8 अप्रैल की देर शाम मालीपुर से अकबरपुर की ओर अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी बीच सैदपुर भीतरी मुख्य मार्ग पर सिंह धर्मकांटा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर के बीच से ओवरटेक करते हुए आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बुलेट में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोमिन्त सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि सदमे और अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण तहरीर देने में विलंब हुआ। थानाध्यक्ष मालीपुर स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

तोहफा | जलालपुर नगर क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सामाजिक व मनोरंजन से जुड़ी मिलेंगी सुविधाएं

# आधुनिक पुलिस बूथ, अंत्येष्टि स्थल व पार्क का होगा निर्माण

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जलालपुर नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्र के लोगों की सुविधा, सुरक्षा और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जाने की योजना बनाई गई है। इन योजनाओं के पूरा होने से नगर क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक और मनोरंजन से जुड़ी सुविधाएं भी मिल सकेंगी।




नगर पालिका परिषद जलालपुर।

नगर पालिका द्वारा जमालपुर चौराहे से बड़े पुल के पास स्थित पुराने चुंगी भवन को ध्वस्त कर 51.41 लाख रुपए की लागत से आधुनिक पुलिस बूथ का निर्माण कराया जाएगा। इस पुलिस बूथ के बन जाने से क्षेत्र में पुलिस की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। इससे राहगीरों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को सुरक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेंगी। इसी क्रम में बाजितपुर के बहरवा गांव के पास स्थित घाट पर 41.12 लाख रुपए की लागत से एक भव्य अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाएगा। इस स्थल पर शवों के दाह संस्कार के लिए टीन शेड लगाया जाएगा, जिससे बारिश और धूप के दौरान भी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारू रूप से हो सकेगी। इसके अलावा एक भव्य अंत्येष्टि गेट और अंतिम संस्कार में शामिल लोगों के बैठने के लिए बैठक स्थल भी बनाया जाएगा, जिससे लोगों को अंतिम संस्कार के समय सुविधा और सम्मानजनक वातावरण मिल सके। लोगों का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से नगर की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी और बच्चों तथा युवाओं के लिए स्वस्थ मनोरंजन का नया केंद्र विकसित होगा।

## पार्क में लगेंगे झूले और खेल उपकरण

नगर क्षेत्र के लोगों, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए बाजितपुर बहरवा तार के पास लगभग 71 लाख रुपए की लागत से एक भव्य पार्क का निर्माण भी कराया जाएगा। इस पार्क में बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क, झूले और खेल उपकरण लगाए जाएंगे। साथ ही युवाओं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए ओपन जिम की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे लोग नियमित व्यायाम कर सकें। पार्क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को टहलने, व्यायाम करने और बच्चों को खेलने के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक स्थान मिलेगा। नगर पालिका की इन योजनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

## एसआई और कांस्टेबल लाइन हाजिर, एलआईयू के एसआई पर विभागीय कार्रवाई की सिफारिश

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा बिना प्रशासनिक अनुमति के स्थापित किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद गांव में काफी देर तक तनाव और विवाद की स्थिति बनी रही, जिसे नियंत्रित करने में स्थानीय पुलिस को कड़ी मशक्कत करना पड़ा। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए महरुआ थाने में तैनात उपनिरीक्षक पूजा और सिपाही अश्विनी यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि इस पूरे प्रकरण में स्थानीय स्तर पर सतर्कता की कमी रही, जिसके कारण बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित कर दी गई और स्थिति बिगड़ गई। इसके अलावा लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) के उपनिरीक्षक रामसूरत के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

## किशोरी को जलाने में कार्रवाई की मांग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक द्वारा किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद उस पर पेट्रोल डालकर जलाने का गंभीर आरोप लगा है। पीडिता वर्तमान में एक निजी अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। बता दें कि जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर फिरोजपुर गांव निवासी शिवा नामक युवक बीते 6 मार्च को आजमगढ़ जनपद की 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ हरियाणा ले गया। पीडिता की मां का आरोप है कि युवक ने उसकी बेटी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। मां के मुताबिक 9 अप्रैल की रात उन्हें फोन कर बेटी की तबीयत खराब होने की सूचना दी गई और पैसे की मांग की गई। उन्होंने फोन-पे के माध्यम से रुपए भेज दिए। इसके बाद आरोपी द्वारा जली हुई हालत में बेटी का वीडियो भेजा गया और बताया गया कि उसे दिल्ली के सफदरगंज स्थित वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा है। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो वहां किशोरी नहीं मिली। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि वह भर्ती थी, लेकिन कहां गई इसकी जानकारी नहीं दी जा सकती। इसके बाद पीड़िता किसी तरह जलालपुर पहुंची, जहां उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीडिता की मां का आरोप है कि उन्होंने अपने नजदीकी थाने में शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार देर रात वह जलालपुर कोतवाली पहुंचीं और रो-रोकर अपनी आपबीती पुलिस को बताई। इस संबंध में कोतवाल अजय प्रताप यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। दो अलग-अलग स्थानों से जुड़ा होने के कारण जांच में समय लग रहा है, लेकिन तहरीर लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**न्यूज ब्रीफ**

### पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में बनेगा पार्किंग स्थल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आए दिन स्टेडियम से चोरी हो रहे बाइक व साइकिल की सुरक्षा के लिए अब पार्किंग बनाई जाएगी। जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय की ओर से जारी निर्देश के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। पार्किंग के संचालन हो जाने से कम शुल्क में खिलाड़ियों के वाहनों की सुरक्षा मिलेगी।

### मारपीट व वसूली में आरोपी को जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्नैपचैट की फर्जी आईडी से युवक को बुलाकर मारपीट व धन वसूली वसूली के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय विजय कुमार गुप्ता की अदालत ने गभड़िया निवासी आरोपी आमिल को जमानत दे दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दलील दी कि आरोपी छात्र है, उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और उसे केवल गलत फंसाया गया है।

### थाने का आकस्मिक निरीक्षण, दिए निर्देश

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार शाम सीओ कादीपुर विनय गौतम ने थाना अखण्डनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सीओ ने बताया कि 21 अप्रैल से 25 आरक्षी प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण प्रस्तावित है, जिसके लिए रहने-खाने व अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही कानून-व्यवस्था मजबूत रखने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# डेढ़ करोड़ के गांजा संग दो गिरफ्तार

## एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने 15 क्विंटल से अधिक गांजा किया बरामद

संवाददाता सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद में नशीले पदार्थों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने 15 क्विंटल 20 किलोग्राम गांजा बरामद कर दो को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

यह कार्रवाई सुलतानपुर-लखनऊ हाईवे पर रवनिया पूरब गांव के पास की गई, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध 14 टायर ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर ट्रक से 50 बोरियों में पैक भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। मौके से दो मोबाइल फोन और 4150 रुपये नकद भी जब्त किए गए। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि गांजा ओडिशा से लाया जा रहा था, जिसे लखनऊ में सप्लाई किया जाना था। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मुजफ्फरनगर के सिखरेड़ा निवासी नासिर और लखनऊ के



एसपी ऑफिस में खुलासा करते सीओ सौरभ सावंत। ● अमृत विचार

● **उड़ीसा से आ रही गांजे की खेप लखनऊ में होनी थी सप्लाई**

पारा थाना क्षेत्र निवासी वर्ष आर्या के रूप में हुई है। इस संयुक्त अभियान में एसटीएफ लखनऊ के उपनिरीक्षक फजुद्दीन सिद्दीकी, बंधुआकला थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, कुड़वार थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल, एसओजी प्रभारी शिवानंद यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

### महरुआ की युवती का जयसिंहपुर में मिला शव

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी चौकी क्षेत्र के बहरी गांव में बुधवार सुबह एक युवती का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से शव के शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। युवती की शिनाख्त नहीं होने की बात कह शव को मोर्चरी भेज दिया। युवती की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिनाख्त हुई। जयसिंहपुर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि युवती की शिनाख्त अम्बेकर नगर के महरुआ निवासी सीता के रूप में हुई है। बताया कि युवती के बड़ी बहन की शादी जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अमोहे भभोट में हुई है। युवती का शव बहरी गांव के तालाब की झाड़ियों में कैसे पहुंचा इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष अभियान के बाद भी फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति धीमी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर चल रहा अभियान दो वर्षों बाद भी अधूरा है। प्रशासन द्वारा जनसुविधा केंद्रों के साथ-साथ गांव-गांव कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है, बावजूद लक्ष्य अब तक पूरा नहीं हो सका है।

जिले में कुल 4,74,615 किसानों के सापेक्ष अब तक 3,16,834 किसानों की ही फॉर्मर रजिस्ट्री हो पाई है, जो करीब 67 प्रतिशत है। यानी अभी भी बड़ी संख्या में किसान इस प्रक्रिया से वंचित हैं। इस कार्य में कृषि, राजस्व, पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग के साथ बीसी सखी और कृषि सखी लगाई गई है।शुरुआती दौर में तकनीकी

● **दो साल बाद भी 1.5 लाख किसानों की नहीं हो सकी फॉर्मर रजिस्ट्री**

समस्याएं जैसे वेबसाइट का ठप होना और नाम मिसमैच बड़ी बाधा बनी रहीं। हालांकि शासन स्तर से इन दिक्कतों को दूर कर दिया गया है, लेकिन रफ्तार अभी भी अपेक्षित नहीं है। शत प्रतिशत फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए 15 अप्रैल तक विशेष अभियान भी चलाया गया। कृषि विभाग के अभियंता उमेश कुमार का कहना है कि शेष गांवों में विशेष कैंप लगाकर जल्द ही सभी किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूरी कर ली जाएगी। इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की तैयारी है, ताकि किसान योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

# क्लीनचिट पर कोर्ट सख्त, विवेचक तलब

● **विजय नारायण सिंह हत्याकांड से जुड़ा मामला**



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विजय नारायण सिंह हत्याकांड की विवेचना पूरी कर शेष आरोपियों को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। मामले में शूटर अजय सिंह सिलावट के खिलाफ सबूत तलब कर दण्डित करने की दुबारा मांग पर सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने सीओ और विवेचक को तलब किया है।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा, विवेचक ने सीसीटीवी फुटेज के साक्ष्यों को शामिल नहीं किया न ही निष्पक्ष विवेचना की जबकि क्लीनचिटेड आरोपियों के खिलाफ के पर्याप्त साक्ष्य हैं। सीजेएम ने सख्त रुख अपनाते हुए सीओ और विवेचक को समन जारी कर 18 अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। 7 अप्रैल 2024 की शाम हुई घटना में मृतक के भाई सतीश ने अजय सिंह सिलावट के साथ कई अन्य आरोपियों की संलिप्तता बताई थी। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में आरोपी अजय सिंह सिलावट के खिलाफ विचारण चल रहा है।

### कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज मंगाने का दिया आदेश

● **आरोपितों का पुन: मेडिकल कराने का आदेश**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शराब दुकान चोरी मामले में तीन आरोपियों का तीन दिन का रिमांड मंजूर किया है। एसीजेएम शुभम वर्मा ने सीसीटीवी फुटेज तलब कर आरोपितों पुन: मेडिकल कराने का भी आदेश दिया है। हलियापुर थाना क्षेत्र में देशी शराब की दुकान में हुई चोरी के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने आरोपित करमराज, रामू व अमृतलाल का तीन दिन का रिमांड मंजूर कर लिया है। प्रकरण में आरोपितों के पास से चोरी की 3 पेटी देशी शराब, पीओएस मशीन, नकद 10,650 रुपये समेत अन्य सामान बरामद होने तथा घटनास्थल से उनकी मोटरसाइकिल मिलने को आधार माना गया। वहीं, आरोपितों ने पुलिस पर हिरासत में मारपीट व उत्पीड़न करनेबके गंभीर आरोप लगाए हैं। अदालत ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों का पुन: मेडिकल परीक्षण कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने 10 से 13 अप्रैल तक की थाना हलियापुर की सीसीटीवी फुटेज तलब की है और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

### बारूद फेंककर हमले के मामले में मुकदमे का आदेश

अमेठी जिले के थानाक्षेत्र रामगंज के सांगापुर गांव में बारूद फेंककर जानलेवा हमला करने समेत अन्य आरोपो से जुड़े मामले मे सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने संज्ञान लिया है। कोर्ट ने आरोपी पिता-पुत्र के बजाय अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए थाना प्रभारी रामगंज को आदेशित किया है। अदालत ने आदेश का अनुपालन कर कोर्ट में आख्या पेश करने के लिए भी निर्देशित किया है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता दुर्गेश पांडेय के मुताबिक रामगंज थाने के सांगापुर गांव की रहने वाली जानकी देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट मे आरोपियो के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कराने व निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अर्जी दी थी । वादिनी के आरोप के मुताबिक गत 20 अक्टूबर को गांव के ही आरोपी हेमराज वर्मा व उनके पुत्र निखिल वर्मा ने बारूद फेंककर उनके घर पर हमला किया,जिसकी चपेट में आने की वजह से वादिनी को गम्भीर चोंटे आईं। मामले की शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

### विजय प्रताप हत्याकांड में आरोपी की हिरासत 28 तक

जयसिंहपुर थानाक्षेत्र के बेलगरा गांव निवासी उपनिरीक्षक अंकुर सिंह के पिता विजय प्रताप सिंह की 12 अप्रैल की रात नकाबपोश बदमाश द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चर्चित हत्याकांड में आरोपी सौरभ पांडेय को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेल से अदालत में पेश किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नवनीत सिंह की अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपी की न्यायिक हिरासत 28 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पुलिस ने मामले में देवरिया जनपद के सलेमपुर थाना क्षेत्र के ठोकावंशी निवासी सौरभ पांडेय को घटना में प्रयुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रकरण में मृतक की पत्नी तारा देवी ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान सौरभ पांडेय का नाम सामने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### आग से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**अखंड नगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बनगवांडीह गांव के गोविंदपुर क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे अचानक लगी आग से परमजीत व मथुरा प्रसाद सहित कई किसानों की लगभग तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। तेज हवा के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और सहतपुर आबादी की ओर बढ़ने लगी, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों और ट्रैक्टर चालकों ने तत्परता दिखाते हुए करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। सूचना मिलते ही लेखपाल अभिषेक और ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे तथा नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी। प्रारंभिक जांच में खेतों में अवशेष जलाने के दौरान आग फैलने की आशंका जताई जा रही है।

# सीबीएसई 10वीं में एसवीएम के वंश बने टॉपर

संवाददाता, सुलतानपुर



रितिका मिश्रा

**अमृत विचारः** सीबीएसई 10वीं परीक्षा में इस बार जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर के मेधावी छात्र वंश श्रीवास्तव ने 500 में 491 अंक (98.2 प्रतिशत) प्राप्त कर पूरे जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया और जिला टॉपर बने।

विद्यालय का परिणाम भी ऐतिहासिक रहा। कुल 678 पंजीकृत छात्रों में से 677 परीक्षा में शामिल हुए और सभी



सरस्वती विद्या मंदिर में उत्कृष्ट नंबर से पास हुए मेधावी। ● अमृत विचार

उत्तीर्ण रहे, जिससे विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। कौशिक मिश्र और वीर प्रताप सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि आर्यन कसौधन ने 96.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आठ छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों का सम्मान किया गया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

इसी क्रम में गोसाईगंज क्षेत्र के नीलकंठ का पुरवा गांव की छात्रा रितिका मिश्रा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया।

# पूर्व विधायक अनूप संडा के केस में दरोगा की गवाही आज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पूर्व विधायक अनूप संडा समेत अन्य के खिलाफ चल रहे मुकदमे में एमपी-एमएलए कोर्ट मे अभियोजन के नौवें गवाह रिटायर्ड दरोगा आरपी कटियार की गवाही बुधवार को नही दर्ज हो सकी। कोर्ट ने दरोगा से शेष जिरह के लिए 16 अप्रैल की तारीख नियत की है।। कोतवाली नगर के दरियापुर ओवर ब्रिज के निकट बिजली-पानी की समस्या पर दो सितंबर 2008 में अनूप संडा व उनके समर्थको ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान हुई घटना का जिक्र करते हुए पुलिस ने पूर्व विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया था।

# आईपीएस की धौंस दिखाकर ठगी करने का लगाया आरोप

● **न्यायालय के आदेश पर दर्ज होगा मुकदमा**

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** दिल्ली की मैरिटाइम एकेडमी में बेहतर प्लेसमेंट दिलाने के नाम पर युवक से लाखों रुपये ठगने के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या श्रीवास्तव की अदालत ने बल्दीराय थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं।

मामला मीरपुर मजरे हेमनापुर निवासी इंद्रजीत सिंह से जुड़ा है। उन्होंने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पुत्र अभयजीत सिंह ने जीपी रेटिंग का कोर्स पूरा करने के बाद प्लेसमेंट के लिए दिल्ली की एक मैरिटाइम एकेडमी से संपर्क किया। वहां संस्थान से जुड़े लोगों ने बेहतर नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 5.50 लाख रुपये वसूल लिए। अभियोगी के अनुसार, जब संदेह होने पर पैसे वापस मांगे गए तो आरोपियों ने एक आईपीएस अधिकारी को अपना रिश्तेदार बताते हुए करियर बर्बाद करने की धमकी दी। काफी दबाव के बाद मात्र एक लाख रुपये लौटाए गए, जबकि 4.50 लाख रुपये हड़प लिए गए। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली।

**आर्यावर्त महाविद्यालय मनोहरजोत, आर्यनगर-गोण्डा**
(सम्बद्ध : मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है-
**अर्हता-** स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाणपत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**मॉ रीता महिला महाविद्यालय,**
**रामगढ़, अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

**सम्बद्ध: में आवश्यकता है-**
प्राचार्य-01 पद तथा परास्नातक स्तर पर एम0ए0 (हिन्दी, गृहविज्ञान एवं भूगोल) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय-**रणविजय सिंह**
मो0नं0-9415581418

# पालिका में 5 नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में मंगलवार को शहीद सुन्दरलाल पार्क स्थित मुख्य कार्यालय परिसर में शासन द्वारा नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने की, जबकि उपजिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी ने शपथ दिलाई। समारोह में विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही।

इस दौरान नामित पांच सदस्यों रणजीत सिंह संत, प्रदीप जायसवाल, रवि अग्रहरि, रेनू सिंह और मदन सोनकर को विधिवत




नगर पालिका में नामित सभासदों ने ग्रहण की शपथ। ● अमृत विचार

● **शहर के विकास व "स्वच्छ सुंदर सुलतानपुर" के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: पालिकाध्यक्ष**

शपथ दिलाई गई। पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि शासन की अधिसूचना के क्रम में इन सदस्यों को नामित किया गया है, जिससे नगर पालिका परिवार का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के अनुरूप जनहित में कार्य करते हुए शहर के विकास और "स्वच्छ सुंदर सुलतानपुर" के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# रेड क्रॉस सोसायटी की कार्यकारिणी हुई भंग

● **अब यूनिफॉर्म रूल्स के तहत किया जाएगा पुनर्गठन**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जनपद में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की जिला इकाई को लेकर बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है और अब इसका पुनर्गठन यूनिफॉर्म रूल्स के तहत किया जाएगा।

यह कार्रवाई प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं रेड क्रॉस सोसायटी के सभापति बृजेश पाठक की मंशा के अनुरूप की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन 30 अप्रैल को तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। इस प्रक्रिया की निगरानी अतिरिक्त अधिकारी प्रथम शिव प्रसाद करेंगे, ताकि पूरी कार्यवाही पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। यूनिफॉर्म रूल्स के तहत पुनर्गठन का उद्देश्य संगठन को अधिक व्यवस्थित, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। इससे आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सहयोग जैसे जनहित कार्यों को और बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा।

### जीआईसी में पुस्तक मेला 21 को लगेगा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली अधिकृत पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 21 अप्रैल को राजकीय इंटर कॉलेज में पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रातः 10 :00 बजे से सायं 04 :00 बजे तक आयोजित होगा। डीआईओएस के निर्देश के अनुसार, माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेशों के क्रम में यह पहल की जा रही है ताकि अभिभावकों को जागरूक किया जा सके और विद्यार्थियों को सही एवं प्रमाणित पुस्तकें आसानी से मिल सकें। सभी राजकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे इस शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं रिटायर्ड सिपाही मो0 फारूक सर्विस ना0 6455708 पुत्र मो0 मुस्तफा ग्राम-सैफुल्लागंज, थाना गोसाईगंज, तहसील सदर सुल्तानपुर, जिला सुल्तानपुर, का निवासी हूं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम SATIBUL NISHA व जन्मतिथि 13/07/1947 लिख गई हैं जबकि सही नाम SHAKIBUL NISHA व जन्म तिथि 13/07/1947 है।

**सूचना**
मो. नफीश पुत्र मो. हाशिम निवासी L 70 आवास विकास 1 कल्याणपुर कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल किराया किश्त अनुबंध पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा विधान जाएगा। मो. 9793893593

**NOTICE**
I, SUMAIRA MUJIBULLAH holder of Indian passport bearing the number S9760720 issued at Jeddah, Saudi Arabia on 30/10/2018, herewith declare that the correct spelling of my name is SUMAIRA MOJEEBULLAH.So, henceforth I will be called by my new correct name SUMAIRA MOJEEBULLAH by the date of this declaration. And also declare that the correct spelling of my father's name is only MOJEEBULLAH HAQIQULLAH,and the correct spelling of my mother's name is BUSHRAKHATOON.

**NOTICE**
I, SAIMA MUJIBULLAH holder of Indian passport bearing the number S9760719 issued at Jeddah, Saudi Arabia on 30/10/2018, herewith declare that the correct spelling of my name is SAIMA MOJEEBULLAH. So, henceforth I will be called by my new correct name SAIMA MOJEEBULLAH by the date of this declaration. And also declare that the correct spelling of my father's name is only MOJEEBULLAH HAQIQULLAH,and the correct spelling of my mother's name is BUSHRAKHATOON.

**NOTICE**
I, OMAIMA MUJIBULLAH holder of Indian passport bearing the number N8507506 issued at Jeddah, Saudi Arabia on 02/05/2016, herewith declare that the correct spelling of my name is OMAIMA MOJEEBULLAH. So henceforth I will be called by my new correct name OMAIMA MOJEEBULLAH by the date of this declaration. And also declare that the correct spelling of my father's name is only MOJEEBULLAH HAQIQULLAH.

**सूचना**
मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 946837693191 में त्रुटिवश उसका नाम राधा देवी अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तिविक नाम काव्या गुप्ता (KAVYA GUPTA) जन्मतिथि 05.09.2012 है। अत: उसके आधार कार्ड पर उसका वास्तविक नाम काव्या गुप्ता दर्ज किया जाए। भविष्य में उसे काव्या गुप्ता पुत्री बब्लू गुप्ता के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **बब्लू गुप्ता पुत्र स्व.ओम प्रकाश गुप्ता निवासी-554ग/11 दामोदर नगर, आलमबाग, लखनऊ**

**आयोजन** | गनपत सहाय कॉलेज में आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

# समाज की प्रगति का आधार है नारी का सम्मान और सशक्तिकरण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** एनएसएस की सभी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम" एवं कुटुंब प्रबोधन विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के तहत एक विशाल पदयात्रा निकाली गई, जिसे महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय 'बजरंगी' एवं प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा पयागीपुर से अहिमाने और जोगीवीर होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। पदयात्रा में एनएसएस के स्वयंसेवक- स्वयं सेविकाओं के साथ बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं ने भाग लिया। दूसरे सत्र में कुटुंब प्रबोधन विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. जे.पी. सिंह ने नारी की परिवार और




कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता डा. जेपी सिंह।

समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नारी सम्मान और सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का आधार बताया। विशिष्ट अतिथि शिव नारायण तिवारी ने कुटुंब व्यवस्था के छह सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। संचालन डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं सैकड़ों छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया जागरूक

**लंभुआ, सुलतानपुर :** लंभुआ ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता दिखाई। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी मीना चौबे ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश निर्माण में बराबर की भागीदार बन चुकी हैं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और लखपति दीदी योजनाकृकी जानकारी देते हुए महिलाओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह, भाजपा नेत्री रेखा बरनवाल सहित महिला ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# हाईस्कूल परीक्षा में सेंट माइकल की रितिका जिला टॉपर

## दूसरे नंबर पर फातिमा कॉलेज के समथ ने जमायी अपनी धाक, सफल छात्रों के खुशी से खिल उठे चेहरे

**सीबीएसई बोर्ड ने घोषित किया परिणाम**

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** बुधवार की शाम को बिना किसी सूचना के सीबीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी। स्कूल बंद कर अपने घर पहुंचने पर प्रबंधन के लोगों को जानकारी हुई और परीक्षा परिणाम की सूची अपलोड करने में जुट गए। कुछ स्कूलों ने सूची अपलोड की। उसके आधार पर गोंडा जिले मनकापुर आईटीआई स्थित सेंट माइकल की बेटी रितिका पाण्डेय ने 98.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप किया है। वहीं फातिमा कालेज के समथ अग्रवाल ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी कालेज की स्वास्तिका द्विवेदी को 98.2 प्रतिशत तथा वेदांश प्रताप मिश्र को 98 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।

जिले में करीब दो दर्जन विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संचालित हैं। शाम को रिजल्ट घोषित होने पर सेंट माइकल, केंद्रीय विद्यालय, फातिमा, सेंट जेवियर्स, श्री रघुकुल विद्यापीठ, रवि चिल्ड्रेन एकेडमी के कुछ बच्चे स्कूल पहुंचे और परीक्षा परिणाम जानकर खुशी से उछल पड़े। फातिमा कालेज के निश्चय अग्रवाल को 97.20, साक्षी पांडेय को 96.40, अर्चिशा रावत को 96.40, कुशाग्र धनंजय को 96.40, ऐशनिका पाठक को 96.20, तानी को 96.20 तथा आराध्या को भी 96.20 प्रतिशत अंक मिले। श्री रघुकुल विद्यापीठ की आन्या सिंह को 97 प्रतिशत, आदित्य विक्रम को 94.8, राज कमल यादव को 93.8, अभय प्रकाश मिश्र को 93.8 तथा सिद्रा खान को 91 प्रतिशत अंक मिले।

फातिमा स्कूल के 81 से अधिक मेधावियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर फातिमा परिवार का गौरव बढ़ाया है। सभी मेधावियों को फातिमा स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया एवं प्रधानाचार्य फादर अरुण मोरस ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मीनाथ पाण्डेय, मोहित श्रीवास्तव, राजेश टंडन, हेडमिस्ट्रेस सिस्टर उदया, उप प्रधानाचार्य फादर सुनील, सत्यम त्रिपाठी, अंबर शुक्ला, प्रशांत श्रीवास्तव ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। केंद्रीय विद्यालय आईटीआई मनकापुर की आस्था विश्वकर्मा ने 93.8 परसेंट तथा आंशि गुप्ता ने 91 परसेंट अंक प्राप्त किया। ग्लोरियस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी कमाल किया है। यहां की मीनाक्षी जायसवाल ने 95, कामरान अहमद ने 92, अंकुर पटेल ने 92, मोहम्मद ऐमान ने 91 प्रतिशत, शिखा वर्मा ने 90 तथा उमान फातिमा ने भी 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।


परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद खुशी से उछलते सेंट जेवियर्स के सफल छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


रिजल्ट आने पर खुशी जताते फातिमा कालेज के छात्र व स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

**मेधावियों ने मेहनत के दम पर पायी सफलता**


रितिका पाण्डेय 98.60 प्रतिशत।


समथ अग्रवाल 98.40 प्रतिशत।


स्वास्तिका द्विवेदी 98.2 प्रतिशत।


वेदांश प्रताप मिश्र 98 प्रतिशत।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा, 3 हत्थे चढ़े

● चोरी की बोलेरो और ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस ने की बरामद

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनके पास से चोरी की बोलेरो और ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की गई है।

पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार देर रात एक बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कोल्ड स्टोरेज तिराहे के पास घेराबंदी की। करीब साढ़े 11 बजे गोंडा की ओर से आ रही एक संदिग्ध बोलेरो को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वाहन सवार तीनों युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए कुछ ही दूरी पर तीनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रामतेज यादव निवासी सुरियामऊ नया पुरवा थाना गोसाईगंज, लखनऊ, अमन कुमार निवासी कल्लू पुरवा थाना कुर्सी, बाराबंकी तथा फुरकान निवासी बसहा थाना गुड़म्बा (लखनऊ) बताए।

जांच में खुलासा हुआ कि बरामद बोलेरो सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी जिसके संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने रामपुर मथुरा क्षेत्र से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेहली में बेच दी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रेहली से चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद कर ली। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी पेशेवर अपराधी हैं।

# गरीब छात्रों को बांटी शिक्षण सामग्री

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** राज नारायण राम गनेश इंटर कॉलेज, आजाद नगर में गरीब छात्र-छात्राओं को सहयोग देने की पहल के तहत एक दर्जन बच्चों को पुस्तकें, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म वितरित की गईं। कार्यक्रम में डब्ल्यू डब्ल्यू ओ संस्था के मालिक भारत भूषण पांडेय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। संस्था के संस्थापक राम गनेश तिवारी एवं प्रबंधक के गुरु हरिहर दत्त शुक्ल के मार्गदर्शन में यह वितरण किया गया। स्टेशनरी प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा 5 की संध्या यादव, नैसी यादव, लवी दुबे, सुहानी सिंह, कक्षा 6 के आदर्श पाल व अफजल, कक्षा 7 के इशांत पासवान व हिमांशी पांडेय, कक्षा 8 की रूबी व कक्षा 9 की सोनी, कविता व आजम शामिल रहे। इस मौके पर की प्रधानाध्यापिका विमलेश शुक्ला, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, अनीता शुक्ला, ज्योति तथा दीपिका पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद में मारपीट, 5 घायल

● दो घायलों की हालत नाजुक जिला अस्पताल रेफर

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरा सिंहनापुर टेपरी गांव में बुधवार सुबह छप्पर रखने के मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और आरोप है कि दबंगों ने पीड़ित के छप्पर वाले घर में आग लगा दी, जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया।

बताया जाता है कि गांव निवासी अयोध्या प्रसाद अपनी पुश्तैनी जमीन पर पुराना छप्पर हटाकर नया रख रहे थे। इसी दौरान गांव के ही चंद्रशेखर अपने परिजनों व साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और काम रोकने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।


टेपरी गांव में जमीन विवाद के बाद जला छप्पर का घर और मौके पर मौजूद लोग।

आरोप है कि चंद्रशेखर पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से अयोध्या प्रसाद, उनके बेटे बालेश्वर, बहू तारा, रेशमा और आरती को बुरी तरह पीट दिया। मारपीट के बाद हमलावरों ने छप्पर में आग लगा दी, जिससे पूरा घर जल गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां अयोध्या प्रसाद और बालेश्वर की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से मुकेश की तहरीर पर पुलिस ने फूलचंद, सुवास, श्यामू, राजेश, चंद्रशेखर, प्रवेश, जोगेंद्र और एक महिला सहित कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि छप्पर रखने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**रहस्य गहराया**

● घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकता मिला शव

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कस्बे के शुगर मिल पूर्वी मोहल्ले के हड्डी पुरवा में बुधवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई जब एक 35 वर्षीया महिला का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है और पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच में जुटी है।


सुनीता (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार, सुनीता (35) पत्नी श्यामा निषाद का शव बुधवार की सुबह अपने ही घर के एक कमरे में टिन शेड के नीचे बांस के डंडे के सहारे दुपट्टे से लटकता हुआ मिला। सबसे पहले यह दृश्य उसकी नाबालिग बेटी काजल ने देखा, जो सुबह झाड़ू लगाने के लिए कमरे में गई थी। मां को इस हालत में देखकर वह घबरा गई और तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों को इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिवारवालों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

बताया जा रहा है कि महिला का पति श्यामा बेंगलुरु में रहकर मजदूरी करता है और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था। परिवार मूल रूप से क्षेत्र के तुलसीपुर माझा के डाली पुरवा का रहने वाला है और पिछले कई वर्षों से कस्बे में रह रहा था। सुनीता मंगलवार को के कस्बे में अपनी दवा कराने के लिए भी गई थी। महिला अपने पीछे चार छोटे बच्चों को छोड़ गई है, जिनमें काजल (12), राकेश (10), किशना (8) और राम सिंह (5) शामिल हैं। पुलिस ने मृतका का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतका के देवर अनिल की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, 4 पर केस

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दतौली मजरा रमवापुर निवासी मनीराम मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे गांव के ही दयाराम मौर्या, उनके पुत्र शुभम मौर्य, दीपू मौर्य तथा कौशिल्या देवी ने रास्ते के विवाद को लेकर गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। विरोध पर आरोपियों ने मनीराम मौर्य और उनके पिता रामराज मौर्या के साथ लाठी-डंडों, लात-घूंसों से मारपीट की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर महिला सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जमीन कब्जे के विवाद में हमला, दो गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में जमीन कब्जे के विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम ताजपुर निवासी मनमोहन सिंह ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीती 16 फरवरी की सुबह गांव के ही सूर्यभान, उदयभान, जितेंद्र उर्फ जीतन, प्रहलाद, विजयपाल समेत अन्य लोगों ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड, सब्बल और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसमें मनमोहन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई सत्रोहन सिंह व परिवार की महिलाओं मंजू सिंह और शीला सिंह के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में थाना कोतवाली देहात में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बुधवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी उदयभान सिंह व सूर्यभान सिंह को उनके गांव ताजपुर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक धीतेन्द्र सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**किया याद** | अग्नि सुरक्षा सप्ताह की हुई शुरुआत, आयोजित किये जाएंगे जागरूकता अभियान

# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर अग्निशमन केंद्र में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी रविन्द्र शंकर मिश्र के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के बलिदान को नमन किया। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को स्मृति दिवस और 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।


अग्निशमन वाहनों की रैली निकालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने सभी कर्मियों को अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई और उन्हें हर परिस्थिति में सतर्क एवं तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आमजन को आग से बचाव के उपाय, गैस सिलेंडर व विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा आपात स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक उपायों की जानकारी दी गई।

इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने फायर एक्सटिंग्विशर समेत अन्य उपकरणों के उपयोग का सजीव प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया।

विभाग द्वारा बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत फायर सर्विस को सूचना दें और सावधानीपूर्वक कदम उठाएं। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों, विद्यालयों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रैली, जागरूकता अभियान व मॉक ड्रिल आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड पर पुलिस अधीक्षक को अग्निशमन दिवस का फ्लैग लगाकर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर पुलिस व अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में चौथी बार चोरी

**तरबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खजुरी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने एक बार फिर धावा बोलते हुए चौथी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया।

प्रधानाध्यापक अभिषेक तिवारी के अनुसार, बीती रात चोरों ने स्कूल की चहारदीवारी फांदकर ऑफिस का दरवाजा तोड़ दिया और कमरे में लगा पंखा, अलमारी में रखे खिलौने व कागजात चोरी कर फरार हो गए। बताया गया कि इससे पहले 10 मार्च 2026 को भी चोर रसोई का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, बर्तन व खाद्यान्न उठा ले गए थे, जिसकी रिपोर्ट दर्ज है और कुछ सामान बरामद भी हुआ था।

इससे पहले भी दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शिकायत मिली है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा


पोस्टर पर चित्र बना कर प्रदर्शित करते बच्चे। ● अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** महाराजा देवी बख़्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में अंतरराष्ट्रीय कला दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के कला शिक्षक चंद्रशेखर एवं उमेशचंद्र गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। प्रधानाचार्य ले. आनंद कुमार पांडेय ने कहा कि प्रतिवर्ष 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस मनाया जाता है। यह दिवस रचनात्मकता, सांस्कृतिक समझ और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करता है। कला केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और सामाजिक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम है। कला वह भाषा है जो बिना शब्दों के सभी के हृदय तक पहुंचती है। चित्रकला शिक्षक चंद्रशेखर ने कहा कि कला वह माध्यम है जो भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है, संस्कृति को संजोता है और समाज को जोड़ता है। कला हमारे जीवन को सुंदर और सार्थक बनाती है। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्नेहा, अर्पिता मोदनवाल, आदित्य तिवारी को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रधान संघ की बैठक में उठा बकाया भुगतान का मुद्दा


बैठक में मौजूद प्रधान। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद के सिंचाई विभाग डाक बंगले में बुधवार को प्रधान संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने की। बैठक में ग्राम पंचायतों से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानों ने मांग की कि मनरेगा, ओडीएफ और वित्त आयोग से जुड़े सभी बकाया भुगतानों को 30 अप्रैल तक हर हाल में पूरा कराया जाए। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बन रही पानी की टंकियों के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा पंचायतों में तालाबों और पेड़ों की नीलामी से प्राप्त धनराशि को पंचायतों के ओएसआर खाते में शीघ्र जमा कराने, स्वास्थ्य उपकेंद्रों का नियमित संचालन शुरू करने, आवश्यक स्टाफ की तैनाती तथा अधूरे भवनों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई गई। बैठक में यह भी मुद्दा प्रमुखता से उठा कि मई 2026 में पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। ऐसे में यदि समय पर चुनाव नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके पदों पर यथावत बनाए रखा जाए। बैठक में अमरनाथ तिवारी, अंबासनी सोनी, अनिल मिश्रा, बीपतराम, संतोष शुक्ल, धीरेंद्र शुक्ल, अभय प्रताप, सभाजीत सिंह, हारून समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली


रैली निकालते बच्चे साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र राम खेलावन सिंह एवं रकाबगंज वार्ड के सभासद फहीम सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कम्पोजिट विद्यालय रकाबगंज से प्रारंभ होकर प्राथमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर होते हुए पूरे वार्ड में भ्रमण करती हुई लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करती रही। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने एक दो तीन चार, साक्षरता की जय-जयकार, कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार तथा अब ना करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल जैसे प्रेरणादायक नारे लगाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। रैली का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा का महत्व पहुंचाना और अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और स्थानीय लोगों ने भी रैली का स्वागत करते हुए सहयोग किया। कार्यक्रम में नगर समन्वयक आनंद प्रताप सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, नगर मंत्री बृजेश शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, प्रधानाध्यापिका नायला वजीर हनफी सहित चंद्र प्रकाश गुप्ता, शनि गुप्ता, अफ्शा परवीन, शानम फातिमा, पूजा मौर्य, फरहीन आरा और कुमुद समेत अनेक शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## ग्राम न्यायाधिकारी दीपेंद्र सिंह को दी विदाई


न्यायिक अधिकारी को विदाई देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार : ग्राम न्यायालय मनकापुर में तैनात ग्राम न्यायाधिकारी दीपेंद्र सिंह के स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया गया कि दीपेंद्र सिंह का स्थानांतरण उन्नाव जनपद में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पद पर हुआ है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने न्यायालय में निष्पक्षता, कार्यकुशलता और सरल व्यवहार का परिचय दिया, जिसके चलते वे अधिवक्ताओं और वादकारियों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। विदाई समारोह में पूर्व एल्डर कमेटी अध्यक्ष परमेश्वर शरण पांडेय, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप मिश्र, पूर्व महामंत्री लालचंद शुक्ल, श्यामलाल शुक्ल, अंगरीश राय, विनय, संजय गुप्ता, रवि एवं विवेकानंद उपाध्याय सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दीपेंद्र सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। अंत में सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि खिरोरा गांव के रहने वाले 28 वर्षीय अमरजीत की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच की जा रही है।

# ईशान व अक्षिता ने 98.8% अंक के साथ प्राप्त किया शीर्ष स्थान

## सीबीएसई के हाईस्कूल के घोषित परिणाम में छात्रों की दिखी मेधा, इस वर्ष भी सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल का दबदबा

संवाददाता, बलरामपुर



बेहतर परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी जताते विद्यार्थी और प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष भी सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपना दबदबा कायम रखा। विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने 90 से 99 प्रतिशत के बीच अंक हासिल कर सफलता का नया कीर्तिमान बनाया।

सेंट जेवियर्स के ईशान टंडन और अक्षिता द्विवेदी ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं निशांत शुक्ल तथा फातिमा इंटर कॉलेज की अपूर्वा श्रीवास्तव ने 97.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। सेंट जेवियर्स के आरुष सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

इसके अलावा अनिकेत अग्रवाल और प्रियांशी शर्मा ने 96.4 प्रतिशत, समीक्षा श्रीवास्तव ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की अलंकृता पांडेय ने 95.6 प्रतिशत तथा माही मिश्रा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

सेंट जेवियर्स के अनघ गुप्त और शारदा पब्लिक स्कूल की अविका जायसवाल ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं विनायक ने 94.6, आख्या द्विवेदी ने 94.4, अंशिका मौर्या ने 94.2 और प्रज्ञा गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

अन्य सफल विद्यार्थियों में मनस्वी मिश्रा, सौरभ यादव, कुंवर आशुतोष सिंह, संस्कार त्रिपाठी, आंशी शुक्ला, देवांश श्रीवास्तव, काव्या सिंह, हर्षिता मिश्रा, अंशिका कुमार, रुद्र पटेल, मनीष यादव, शिवेंद्र शुक्ल, ख्याति गुप्ता, अंशुमान पटेल, अहाना सिंह, पूर्णांश दुबे और मनस्वी पांडेय ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। परिणाम घोषित होते ही सफल छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। परिवारवालों ने मिठाई खिलाकर मेधावियों को सफलता पर बधाई दी।

### परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में रहा जश्न का माहौल

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। सेंट जेवियर्स के निदेशक सुयश कुमार, प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम रूमी, शारदा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पराग बोस, प्रधानाचार्य सुदीपा बोस तथा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य वीपी सिंह ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को आगामी इंटरमीडिएट परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



बेहतर परीक्षा परिणाम के बाद सेल्फी लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

# बारिश से पहले पूरे हों कटानरोधी कार्य

● डीएम ने चौकाकला परियोजना का किया निरीक्षण



कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने बरसात से पूर्व जनपद में संचालित सभी कटान निरोधक कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को उन्होंने राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम चौककला एवं मधवापुर की सुरक्षा हेतु चल रही परियोजना का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों ग्रामों को नदी कटान से बचाने के लिए 220.53 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है। परियोजना के तहत 400 मीटर लंबाई में जियो बैग के माध्यम से लॉन्चिंग एप्रन और स्लोप पिचिंग का निर्माण होगा, जिससे तट मजबूत होगा तथा आबादी और कृषि भूमि को सुरक्षा मिलेगी। डीएम ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। डीएम ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और आश्वस्त किया कि प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। इस अवसर पर बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता, खंड विकास अधिकारी हरैया, आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ठेकेदारों ने प्रशासन से मांगी राहत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में सड़क निर्माण कार्यों पर बढ़ती महंगाई और भ्रामक खबरों का असर पड़ने लगा है। बलरामपुर ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन और लोनिवि को पत्र भेजकर समाधान की मांग की है। एसोसिएशन ने बताया कि अमेरिका-ईरान तनाव के चलते सड़क निर्माण में प्रयुक्त डामर के दाम बढ़े हैं। पुराने अनुबंधों की दरों पर कार्य करना कठिन होता जा रहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रदेश स्तर पर राहत दी जाए। कहा गया कि कुछ लोगों द्वारा छोटे अनुबंधों को बढ़ा-चढ़ाकर घोटाले के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे ठेकेदारों की छवि धूमिल हो रही है।

एसोसिएशन अध्यक्ष अमर सिंह ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

# सीवर लाइन से टूटी सड़कों का जल्द होगा पुनर्निर्माण

संवाददाता, बलरामपुर



डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू नगर पालिका अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सीवर लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों के शीघ्र पुनर्निर्माण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल निगम अधिकारियों से कहा कि सभी प्रभावित मार्गों पर तत्काल कार्य शुरू कर निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि खराब सड़कों के कारण नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य की निगरानी के लिए डी. पी. सिंह बैस को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि नगर के सभी वार्डों में अगले दो माह के भीतर सड़क निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।



दिवंगत साहित्यकार सतीश आर्य को श्रद्धांजलि देते अन्य कवि व साहित्यकार।

## डॉ. सतीश आर्य को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** शास्त्री नगर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार को देश के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सतीश आर्य के निधन पर श्रद्धांजलि सभा हुई। साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने दो मिनट का मौन रख। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पंडित राम हौसिला शर्मा, ईश्वर चंद्र मेहदावली, आर.के. नारद, पूजा मनमोहिनी, बृजराज श्रीमाली, डॉ. धीरज श्रीवास्तव, उमाशंकर दुबे 'उदय', सुरेंद्र रही, राजेश मिश्रा, दिवाकर सिंह, राकेश जायसवाल, ज्ञानेश चौरसिया सहित अनेक साहित्यकार मौजूद रहे। वक्ताओं ने डॉ. आर्य के साहित्यिक योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व प्रेरणास्रोत रहेगा। सभा में उपस्थित लोगों ने मांग की कि दिवंगत साहित्यकार की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए उनके पैतृक गांव भिटौरा में "डॉ. सतीश आर्य पुस्तकालय" की स्थापना की जाए। साथ ही मनकापुर के प्रमुख स्थल सरजू सिंह तिराहे का नाम बदलकर डॉ. सतीश आर्य तिराहा रखने तथा नगर में डॉ. सतीश आर्य स्टेडियम के निर्माण की भी मांग उठाई गई।

## सुहेलवा जंगल में लगी आग

**जरवा, अमृत विचार :** सुहेलवा वन्यजीव प्रभाग की तुलसीपुर रेंज अंतर्गत बालापुर बाजार के पास तुलसीपुर-जरवा मार्ग किनारे जंगल में आग लग गई।

तेज लपटों में छोटे हरे पौधे, सूखी झाड़ियां और टहनियां जलकर करीब 10 बीघा वन क्षेत्र प्रभावित हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग से छोटे पेड़-पौधे नष्ट होने पर वन्यजीव रिहायशी इलाकों, नदी और तालाबों की ओर रुख कर सकते हैं।

रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि वनकर्मियों और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है तथा जंगल में अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

# गोदाम में सिलेंडर में विस्फोट, 3 झुलसे

मनकापुर, गोंडा

**हादसा**

● धमाके की तीव्रता के कारण गोदाम की एक दीवार भी ढह गई

**अमृत विचार :** क्षेत्र के मधईपुर गांव में मंगलवार रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब गैस गोदाम में अचानक आग लगने के बाद एक सिलेंडर में जोरदार धमाका हो गया। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि धमाके की तीव्रता से गोदाम की एक दीवार भी ढह गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गोदाम में रखे अन्य सिलेंडर में आग लगने से बच गया अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुष्मिता इंडेन गैस एजेंसी के मधईपुर स्थित गोदाम में रात करीब आठ बजे इनवर्टर से निकली चिंगारी ने पास रखे गैस सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लिया।

देखते ही देखते आग भड़क उठी और कुछ ही देर में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। धमाके के वक्त मौके पर मौजूद एजेंसी मैनेजर अजय सिंह (40), कर्मचारी राम सजीवन (32) और रक्षा राम यादव गंभीर रूप से झुलस गए।

घायलों को तत्काल सीएचसी मनकापुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन प्रभारी राजेश पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

वहीं एजेंसी मैनेजर के छोटे भाई ऋतिक सिंह ने बताया कि गोदाम में कर्मचारी खाना बना रहे थे, तभी इनवर्टर से निकली चिंगारी से सिलेंडर में आग लग गई। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता और फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से आग को समय रहते काबू में कर लिया गया, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। हालांकि, इस घटना ने गैस गोदामों में सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**आयोजन** — नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत आयोजित किया गया विशेष जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं को अधिकार, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता का दिया गया संदेश

संवाददाता, बलरामपुर



कलेक्ट्रेट में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी।



एमएलके पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अभियान में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को 'नारी शक्ति वंदन' अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी मुख्य अतिथि रहीं। इस दौरान डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और महिलाएं मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। महिलाओं को अधिकारों, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के अवसरों की जानकारी दी गई। पुलिस विभाग की ओर से एसआई आकांक्षा तिवारी ने महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग से कविता पाल तथा शिक्षा विभाग से ज्योत्सना मिश्रा ने योजनाओं की जानकारी दी। उपायुक्त स्वरोजगार प्रियंवदा ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' सत्र में पूनम ने कहानी सुनाई। प्रधान सविता सिंह ने विचार रखे। मुख्य अतिथि आरती तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**बलरामपुर अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मंगलवार को एम.एल.के. कॉलेज के उत्तरी गेट पर महिलाओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हस्ताक्षर किए और एकजुटता का परिचय देते हुए महिला सम्मान, अधिकार एवं सशक्तिकरण के पक्ष में अपनी मजबूत आवाज बुलंद की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति और समाज में नई पहचान देने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस कानून को महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टू राम, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. आरती तिवारी, प्राचार्य प्रो. जे. पी. पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विचारक विशाल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, वरुण सिंह मोनू, जिला महामंत्री अजय सिंह पिंकू, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री ललिता तिवारी, सरिता शुक्ला, सुनीता मिश्रा, सुधा पांडेय तथा सभासद सरोज तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य प्रो. जे. पी. पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, छात्राओं एवं नगर की सैकड़ों महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समाज को यह संदेश दिया कि जब महिलाएं जागरूक और संगठित होती हैं, तब राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिलती है।

## लंदन में डॉ. रवि सिंह का शोधपत्र सराहा गया



लंदन में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते डॉ. रवि सिंह। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. रवि सिंह ने लंदन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में अपना शोधपत्र प्रस्तुत कर जिले का मान बढ़ाया। विश्व होम्योपैथिक दिवस पर हीथ्रो एयरपोर्ट स्थित रेडिसन रेड होटल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बाल के माध्यम से मेडिसिन ट्रांसमिशन पद्धति द्वारा उपचार की जानकारी दी। डॉ. रवि सिंह ने बताया कि विश्व में बहुत कम चिकित्सक इस पद्धति से इलाज कर रहे हैं। सेमिनार में उन्होंने सीएसएफ राइनोरिया, हिर्सप्रुंग डिजीज, कायलोरिया और स्काल्प फॉलिकलाइटिस जैसे जटिल रोगों के सफल उपचार के वीडियो केस प्रस्तुत किए, जिन्हें विशेषज्ञों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान इंग्लैंड के तीन मरीजों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस उपलब्धि पर डॉ. प्रांजल त्रिपाठी, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ. कुलदीप विश्वकर्मा, डॉ. कयूम तथा डॉ. वाई. पी. गुप्ता सहित कई चिकित्सकों ने बधाई दी।

## बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर जश्न



बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय अटल भवन तुलसी पार्क में जिला अध्यक्ष रवि मिश्र के नेतृत्व में बिहार में भाजपा के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया और इसे ऐतिहासिक अवसर बताया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, जिला महामंत्री हिन्दू विश्वकर्मा, बंदना पासवान, जिला मीडिया प्रभारी डी. पी. सिंह बैस, जिला मंत्री ललिता तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, साधना पाण्डेय, संदीप उपाध्याय तथा अभिषेक सिंह हाड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबा साहेब की जयंती पर हुआ 78 यूनिट रक्तदान



रक्तदाताओं को सम्मानित करते आयोजक।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सामाजिक संगठन ह्यूमैनिटी ब्लड कनेक्ट और गिविंग ट्यूजडे के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 78 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर में युवाओं के साथ महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप रही। कई महिलाओं ने पहली बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद साजिद खान, डॉ. गयासुद्दीन खान, डॉ. फजाल खान, डॉ. इश्तियाक अहमद खान, डॉ. नूर खान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। ह्यूमैनिटी ब्लड कनेक्ट के अध्यक्ष शोएब क़मर खान ने कहा कि रक्तदान समानता, भाईचारे और मानवता का सबसे बड़ा संदेश है। शिविर को सफल बनाने में नदीम अहमद, अख्तर हुसैन, सलमान मिर्ज़ा, फिरोज़ अहमद, अजीत दुबे, इरशाद आलम, जैश सिद्दीकी सहित वालंटियरों का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अभ्युदय योजना से थारू छात्रों को मिलेगी नई उड़ान, सीयूईटी की विशेष कक्षाओं का शुभारंभ



थारू जनजाति के बच्चों के लिए सीयूईटी की कक्षा का शुभारंभ करते अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अभ्युदय कोचिंग योजना के अंतर्गत थारू समाज के छात्र-छात्राओं के लिए सीयूईटी की विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल गुप्ता ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. राहुल गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे वंचित और पिछड़े वर्ग के छात्र अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्युदय योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी उपलब्ध कराना है। थारू समाज के छात्रों के लिए यह पहल विशेष महत्व रखती है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने का बेहतर अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम समन्वयक सचिन कुमार सिंह, अदिति, राहुल तथा मनोज ने परीक्षा स्वरूप, पाठ्यक्रम और तैयारी की रणनीति की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इस पहल को अपने सपनों को साकार करने वाला सुनहरा अवसर बताया।

## पोषण दिवस का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बुधवार को विकास खंड गैसड़ी के ग्राम नौबस्ता स्थित पंचायत भवन में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय एएनएम दीपिका उपस्थित रहीं। उनके द्वारा चार गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई, जबकि आठ बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद उतरौला-बलरामपुर**

पत्रांक- 652/न0पा0परि0उत0/जन्म-मृत्यु/2026-27 दिनाँक: 06.04.2026

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामपाल पुत्र श्री त्रिवेनी निवासी मोहल्ला- सुभाषनगर उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा अपने माता के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र0सं0 | मृतक का नाम | पिता/पति का नाम | मृत्यु तिथि | मृतक का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुन्नी देवी | श्री त्रिवेनी | 29-01-2022 | मोहल्ला- सुभाषनगर उतरौला-बलरामपुर |

उपरोक्त मृत्यु प्रमाण-पत्र की मांग की गयी है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को इनके मृत्यु से सम्बन्धित आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद उतरौला-बलरामपुर



**सरयू डिग्री कालेज करनैलगंज-गोण्डा**
(सम्बद्ध: मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर उर्दू राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है-

**अर्हता-** स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाणपत्र।

**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।

प्रबन्धक

# आज से संजय सेतु बंद, पाण्टून पुल से होगा सीमित आवागमन

## मरम्मत कार्य के लिए दो माह तक बंद रहेगा पुल, रूट डायवर्जन लागू

संवाददाता जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचारः** बाराबंकी बहराइच मार्ग पर स्थित संजय सेतु पर जिलाधिकारी द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की जर्जर स्थिति को देखते हुए उसके मरम्मत कार्य के लिए आज से दो माह के लिए पूर्णतः बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान आम जनता की सुविधा और आवश्यक सेवाओं को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग के रूप में अस्थायी पाण्टून (पीपा) पुल तैयार किया गया है। जो पूर्ण रूप से तैयार है। प्रशासन के निर्देशानुसार 16 अप्रैल से पाण्टून पुल पर केवल हल्के वाहनों जैसे बाइक, कार, जीप, एम्बुलेंस और स्कूली वैन का ही आवागमन अनुमन्य रहेगा। भारी वाहनों के लिए इस मार्ग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, जिसके चलते रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है।

नेशनल हाईवे के अवर अभियंता अनंत कुमार मौर्य ने बताया कि पुल की ऊपरी सतह लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो रही थी, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी बहराइच के निर्देश पर समय रहते मरम्मत कार्य कराने का निर्णय लिया गया है ताकि खस्ताहाल पुल के चलते किसी के साथ कोई बड़ा हादसा न हो।

**पुलिस प्रशासन को विशेष जिम्मेदारीः** थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के अनुसार, संजय सेतु के बंद रहने के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष जिम्मेदारी सौपी गयी है। बहराइच व बाराबंकी दोनों जिलों की पुलिस अपनी अपनी तरफ मुस्तैद रहेगी।


आवागमन के लिए तैयार पाल्टून पुल। अमृत विचार

### यातायात वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट

संजय सेतु बंद रहने के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। दोनों जनपदों बाराबंकी के रामनगर बहराइच की जरवल रोड पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को संभालेगी और डायवर्जन का सख्ती से पालन कराएगी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पाण्टून पुल पर सुरक्षा, निगरानी और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम स्तर के अधिकारी को समन्वय और निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें, केवल अनुमन्य वाहनों से ही पाण्टून पुल का उपयोग करें और वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें, जिससे मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके। मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक व्यवस्था प्रभावी रहेगी।

### देवर और सास पर लगाया मारपीट का आरोप

**जरवल रोड, बहराइच:** थाना जरवल रोड क्षेत्र में एक महिला ने देवर व सास पर मारपीट करने और बच्चे को छीनने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। मोहल्ला कटरा दक्षिणी जरवल कस्बा निवासी माहेनूर ने बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। पति पिछले 15 माह से दुबई में रह रहा है। 8 अप्रैल को वह मायके में थी तभी उसका देवर मकसूद अहमद व सास मरजिना वहां पहुंचे और उसके छह माह के बेटे जुहेब को साथ ले जाने का प्रयास किया। मना करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता के अनुसार उसने पारिवारिक मामला समझकर उस समय कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की लेकिन 12 अप्रैल को दोबारा देवर और सास उसके मायके पहुंचे और बच्चे को जबरन छीनने लगे। विरोध करने पर फिर मारपीट की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

**बदला चौराहा, श्रावस्ती:** ठेलिया पर लदे लोहे के दरवाजे से टकराकर मंगलवार बाइक सवार दंपति घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पति को मृत घोषित कर दिया। सोनवा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत प्रहलादा के मजरा लालपुर निवासी अब्दुल सलाम (45) पुत्र साबिर अली के पुत्र निसार की शादी 25 अप्रैल को है। जिसके शादी का कार्ड देने लिए अब्दुल सलाम अपनी पत्नी सलमा (35) के साथ मंगलवार को बाइक से बहराइच जिले में गया था। जहां से शादी का कार्ड देकर देर शाम को अब्दुल सलाम घर लौट रहा था। सोनवा थाना क्षेत्र के रतनापुर फोरलेन पर पहुचा तभी सामने एक व्यक्ति ठेलिया पर लोहे का दरवाजा लादकर जा रहा था। अब्दुल सलाम लोहे के दरवाजे टकरा गया इससे दरवाजा उसके गर्दन में लग गया और कटने से गर्दन में गहरा जख्म हो गया। वहीं पत्नी सलमा भी घायल हो गई। सूचना पर पहुची सोनवा पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने अब्दुल सलाम को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सलमा को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### आग से पांच बीघा गेहूं की फसल स्वाहा

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटना खरगौरा निवासी धनीराम भार्गव के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान धनीराम की पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बता दें कि इलाके में दिनोंदिन खेतों में अगलगी की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही है जिससे काफी नुकसान हो रहा है।

# टीके स्पोर्टिंग ने न्यू स्टार को दी शिकस्त

संवाददाता जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचारः** जरवल कस्बे के हरचन्दा मोड़ पर आयोजित एक दिवसीय डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2026 का समापन मंगलवार को हुआ। फाइनल मैच में ताबिश की कप्तानी वाली टीके स्पोर्टिंग जरवल ने चांद भाई की टीम न्यू स्टार जरवल को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा जिसमें दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंततः टीके स्पोर्टिंग ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल के दम पर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि कैसरगंज विधायक प्रतिनिधि अभिषेक यादव उर्फ देवा तथा विशिष्ट अतिथियों में जरवल चेयरमैन प्रतिनिधि इंतजार अहमद उर्फ मिथुन, डॉ. अनुज चौधरी, डॉ. उस्मान आरिफ, शादाब पहलवान और शादाब हाशमी शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट के आयोजन में कमेटी संरक्षक कमाल अहमद, रिजवान इदरीसी, कोषाध्यक्ष डॉ. अजीत चौधरी, आदिल हाशमी, नदरुज्जमा गुड्डू, बब्लू अंसारी, महामंत्री रजी अंसारी तथा व्यवस्थापक अरशद छोटू की विशेष भूमिका रही। समापन समारोह के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। खेल प्रेमियों ने ऐसे आयोजनों को स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन मंच बताया।


फूलमाला पहनाकर किया गया विजेता टीम व मुख्य अतिथि का स्वागत। अमृत विचार

# एचपीवी जागरुकता रथ को किया गया रवाना

**पयागपुर, बहराइचः** क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता का माहौल उस वक्त जोश और उत्साह से भर उठा, जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशेश्वरगंज से बुधवार को एचपीवी टीकाकरण जागरूकता रथ को अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। "कैंसर से सुरक्षा" का संदेश लेकर निकला यह रथ गांव-गांव दस्तक देगा और लोगों को सतर्क करेगा। रथ पर लगे आकर्षक बैनर और संदेशों ने हर किसी का ध्यान खींचा। एचपीवी वैक्सीन के साथ सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा। स्वास्थ्य विभाग ने कहा अब लापरवाही नहीं बल्कि समय पर टीकाकरण ही बेटियों के सुरक्षित भविष्य की कुंजी है। खास तौर पर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को यह टीका लगवाना बेहद जरूरी बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने जोर देकर कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को अब जागरुकता और टीकाकरण के जरिए मात दी जा सकती है।

### अग्निशमन कर्मियों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि


भिनगा में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिकारी। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिला मुख्यालय स्थित अग्निशमन केंद्र में मंगलवार को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी संजय जायसवाल व अन्य कर्मियों की ओर से शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अग्निशमन अधिकारी ने बताया 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर फोर्ट स्टिकेन नामक मालवाहक जहाज में भीषण अग्निकांड हुआ था। इस जहाज में रुई की गांठों के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक व युद्ध सामग्री भरी हुई थी। आग पर पर काबू पाने के प्रयास के दौरान जहाज में विस्फोट हो गया। इस दुर्घटना में 66 बहादुर अग्निशमन कर्मी वीरगति को प्राप्त हो गए। कस्बा भिनगा व ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निशमन टीम की ओर से जन जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान लाउड हेलर व पैंफलेट वितरण के माध्यम से लोगों को आग से बचाव व सुरक्षा के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया।


एसएसबी मुख्यालय में बैसाखी पर दीप प्रज्ज्वलित करते अधिकारी। अमृत विचार

### एसएसबी जवानों ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** एसएसबी 62वीं वाहिनी भिनगा में बुधवार को बैसाखी पर्व मनाया गया। इस दौरान जवानों ने राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। सशस्त्र सीमा बल 62वीं वाहिनी भिनगा में कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान सिखों के दसवें गुरु एवं महान राष्ट्रनायक गुरु गोविन्द सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सभी जवानों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गुरु गोविन्द सिंह के जीवन, उनके अदम्य साहस, त्याग, बलिदान एवं धर्म और राष्ट्र की रक्षा क लिए किए गए संघर्षों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कमांडेंट ने पर्व के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व न केवल फसल कटाई का उत्सव है, बल्कि साहस, त्याग और धर्म की रक्षा के संकल्प का भी प्रतीक है।

### साईं गांव के निकट ननिहाल जा रहे बालक को ट्रक ने कुचला, मौत

**माल्ही चौराहा , श्रावस्ती:** साईं गांव के निकट मंगलवार तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान ट्रक के नीचे आने से मासूम बालक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। बहराइच जिले के थाना रूपईडीहा के ग्राम रामनगर निवासी राकेश आर्या (30) की ससुराल मल्हीपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव में पड़ती है। उसके ससुर गिरधारी लाल आर्या की मौत हो गई है, जिनकी मंगलवार को तेरहवीं थी। राकेश अपनी पत्नी वीनू (26) व पुत्र दिव्यांश (2) के साथ मंगलवार अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही राकेश बाइक लेकर मल्हीपुर बाबागंज मार्ग स्थित साईं गांव के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान मां की गोद में मौजूद दिव्यांश ट्रक के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राकेश व वीनू भी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मल्हीपुर महेंद्र कुमार सिंह ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया।

# 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान ने पकड़ी रफ्तार, सिरसिया बेलहरी में उमड़े ग्रामीण

संवाददाता श्रावस्ती

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 24 मार्च से शुरू हुआ 100 दिवसीय विशेष अभियान अब गति पकड़ चुका है। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों, तंबाकू-शराब सेवन करने वालों, मधुमेह रोगियों और पूर्व टीबी मरीजों जैसे उच्च जोखिम समूहों की सघन जांच कर रही हैं।

अभियान के दौरान संभावित मरीजों की पहचान के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर एक्स-रे, बलगम जांच, हीमोग्लोबिन और बीएमआई मापन जैसी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही हैं। जांच में पाए गए धनात्मक रोगियों का इलाज किया जाएगा। इसी क्रम में सिरसिया ब्लॉक के बेलहरी गांव में आयोजित शिविर में भी जांच के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। लगाए गये शिविर में अधिक से अधिक ग्रामीण पूरा फायदा उठा रहे हैं।

### एआई तकनीक से लैस एक्स-रे मशीनें बनीं संजीवनी

एआई तकनीक से लैस पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें संजीवनी साबित हो रही हैं। हल्की और आसानी से ले जाई जा सकने वाली इन मशीनों से अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीजों को घर के पास ही एक्स-रे सुविधा मिल रही है। एआई आधारित तकनीक चंद सेकंड में सटीक रिपोर्ट उपलब्ध कराकर संभावित मरीजों की त्वरित पहचान में मदद कर रही है। अब तक लगाए गए 15 विशेष शिविरों में 1519 एक्स-रे किए जा चुके हैं।

### एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, सड़क पर लगा जाम


प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर आज कलेक्ट्रेट के पास प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर एडीएम ज्ञापन लेने पहुंचे तो छात्रों ने अपनी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से उनकी नोक-झोंक भी हुई। कहा गया कि पाटेश्वरी विवि द्वारा परीक्षा पैटर्न में अचानक बदलाव किया गया है जबकि परीक्षाएं मई के पहले सप्ताह में प्रस्तावित हैं। हमारी मांग है कि इसमें सुधार किया जाए। निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के साथ की जा रही आर्थिक मनमानी और बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाई जाए। इस मौके पर आदर्श शुक्ला, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विद्या पाठक समेत बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

### आंबेडकर जयंती पर हुए विविध आयोजन

**रुपईडीहा, बहराइच:** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, रुपईडीहा में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर छात्रावास परिसर में संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य रहे। उन्होंने आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। छात्रावास के कर्मचारी अर्जुन कुमार ने बताया छात्र-छात्राओं के बीच आंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में नगर पंचायत रुपईडीहा कार्यालय परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी डॉ. उमाशंकर वैश्य ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभासदगण, बुद्धिजीवी एवं कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विवाद में अनुदेशक शिक्षक को पीटा

**नानपारा, बहराइच:** बीआरसी बरदहा बाजार जा रहे शिक्षक की बाइक बकरी से टकरा गई। इससे नाराज दबंगों ने शिक्षक की पिटाई कर दी। पुलिस ने अध्यापक की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर के वशीरगंज मुहल्ला निवासी सतेंद्र यादव शिवपुर के असवा प्राथमिक विद्यालय में अनुदेशक शिक्षक हैं। सतेंद्र ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया ।की वह बीआरसी केंद्र शिवपुर जा रहे थे। नानपारा कोतवाली के बंजारन टांड़ा के पास बाइक के सामने बाइक एक बकरी से टकरा गई, उन्होंने समय से बाइक रोक दी। जिससे कोई हादसा नहीं हुआ। बावजूद इसके असगर व रज्जब अपने अपने दो अन्य साथियों के साथ आए। सभी ने शिक्षक की पिटाई कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शिक्षक की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नारी शक्ति का नया युग शुरू

**श्रावस्ती, अमृत विचारः** पीएम मोदी की ओर से देश की आधी आबादी के लिए राजनीतिक क्षेत्र में लाये गए आरक्षण नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिले में नारी शक्ति ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में नारी शक्ति स्कूटी रैली, नारी सम्मेलन तथा हस्ताक्षर अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को लेकर मोदी सरकार का अभिवादन करते हुए हाथ मे प्ले कार्ड लेकर जूनियर हाईस्कूल भिनगा से स्टेडियम ट बाइक रैली/स्कूटी रैली निकाली। भिनगा के दीप वाटिका में नारी शक्ति सम्मेलन हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार का नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रत्येक नारी शक्ति के लिए अभिनंदनीय है, प्रशंसनीय है और स्वागत योग्य है। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहाकि यह अधिनियम नारी शक्ति के नए युग की शुरआत है। इन अधिनियम से राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं का नेतृत्व बढेगा। मोदी सरकार के प्रयास से अब पंचायत सहित बड़े सदन में भी महिलाओ की आवाज़ को सशक्त होगी। अभियान की संयोजक पूजा पाण्डेय ने कहा कि पूर्व की सरकारों में देश की आधी आबादी का सम्मान सिर्फ भाषणों में ही था, लेकिन मोदी सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को उनका सच्चा सम्मान दिया है। माधुरी सिंह त्रिपाठी ने कहा कि महिला अब सिर्फ गृहणी ही नहीं बल्कि समाज और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी आवाज़ बुलंद करेगी। इसका अधिकार यह अधिनियम देता है। विधानसभा व संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व दिलाने वाला नारी शक्ति वन्दन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# किंग्स स्पोर्ट्स ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

संवाददाता पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचारः** जूनियर हाईस्कूल क्रिकेट मैदान पर आईपीएल की तर्ज पर चल रही पयागपुर प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में किंग्स स्पोर्ट्स पयागपुर की टीम ने सत्या इलेवन हुजूरपुर को करारी शिकस्त देकर फाइनल ट्राफी पर कब्जा जमाया। मंगलवार को किंग्स स्पोर्ट्स पयागपुर और सत्या एलेवन हुजूरपुर के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। लगभग एकतरफा मुकाबले में किंग्स स्पोर्ट्स पयागपुर ने सत्या इलेवन हुजूरपुर को 123 रनों के लम्बे अंतराल से पराजित कर विजेता ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। किंग्स स्पोर्ट्स पयागपुर के हरफनमौला खिलाड़ी विकास कैरी ने नाबाद 106 रनों की शतकीय पारी खेली जिन्हें मैंन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। आईपीएल के फाइनल मुकाबले में किंग्स स्पोर्ट्स पयागपुर के कप्तान अखिल सिंह ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।टीम ने निर्धारित 14 ओवरों में महज चार विकेट खोकर शानदार 202 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सत्या एलेवन हुजूरपुर की टीम गोविंद शुक्ला के गेंदों के सामने बौनी नजर आई।गोविंद ने मैच के तीसरे और अपने पहले ही ओवर में टीम के तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को पैवेलियन का रास्ता दिखाकर अपनी जीत पर मुहर लगा दी।सत्या एलेवन के बल्लेबाज एक एक कर आउट होते गये। इस प्रकार पूरी टीम 11ओवर 2 गेंद में 83 रनों पर ढेर हो गयी। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गोविंद शुक्ला को मैन आफ द सीरीज तथा विकास कैरी को मैन आफ द मैच चुना गया।


ट्रॉफी व पुरस्कार राशि के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

**बैठक** किसानों की समस्याओं के निराकण के लिए विकास भवन में किया गया किसान दिवस का आयोजन

# शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में देरी न करें अधिकारी : सीडीओ

संवाददाता बहराइच

**अमृत विचारः** कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा किसान दिवस बैठक में आये हुए किसानों से पूर्व किसान दिवस में आयी शिकायतों की बिन्दुवार समीक्षा की। इसके उपरान्त सीडीओ ने कहा कि प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता प्रदान कर दूर करने का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। कृषि को लाभकारी बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने किसानों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवालें अन्यथा किसी भी सरकारी अनुदान का लाभ नहीं मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बिना फार्मर रजिस्ट्री बनवाये गेहूँ क्रय केन्द्रों पर एमएसपी पर विक्रय नहीं कर पायेंगे। सीडीओ ने उपस्थित किसान बन्धुओं से अपेक्षा किया कि अपने आस-पास के सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु जनसेवा केन्द्र, राजस्व लेखपाल एवं अपने-अपने ग्राम पंचायत/विकास खण्ड के कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों से तत्काल सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवालें अन्यथा खाद, बीज पेस्टीसाइड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पायेगा। अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें। किसान दिवस बैठक में उपस्थित उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने जनपद में किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की अपील की गयी। उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि जल्द से जल्द अपनी तथा अपने आस-पास के किसानों की भी फार्मर रजिस्ट्री करवाने हेतु जागरुक करें। वर्तमान माह में फसल गेहूँ की कटाई युद्ध स्तर पर प्रारम्भ हो गयी है। गेहूँ मडाई के बाद फसल अवशेषों को खेतों में न जलायें। अपितु स्ट्रा रीपर का उपयोग कर उसका भूसा बनायें, जिससे पशुओं को चारे की कमी न होने पाय। जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव ने जनपद में खाद एवं बीज की उपलब्धता की जानकारी दी। शीघ्र ही कृषकों को दैचा बीज की आपूर्ति की व्यवस्था जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर की जा रही है। बैठक में मौजूद जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जनपद में कुल 134 क्रय केन्द्र बनाये गये है। जो किसान फार्मर रजिस्ट्री बनवाये होंगे उन्हीं किसानों का गेहूं क्रय किये जाने का आदेश प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर इस अवसर पर उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, एलडीएम जितेन्द्र कुमार मसंद एआर को-आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी, सीवीओ डा० राजेश उपाध्याय, भूमि संरक्षण अधिकारी डा० शौरभ वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम् अधिशासी अभियन्ता विद्युत कैसरगंज जगदीश कुमार सहायक अभियन्ता नहर प्रथम राजेश कुमार शर्मा अधिशासी अभियन्ता नहर प्रवेश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



विकास भवन सभागार में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

### 28 किसानों को बांटे 2.41 लाख के चेक


पीड़ित किसानों को सहायता राशि का चेक देते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

**पयागपुर, बहराइच:** गल्ला मंडी में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 28 पीड़ित किसानों को 2,41,623 रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए। आग लगने की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग और मंडी समिति की टीम सक्रिय हो गई थी। विधायक के निर्देश पर रात भर में नुकसान का सर्वे पूरा किया गया और सोमवार को सहायता राशि की फाइल स्वीकृत करा ली गई। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आपदा के समय में किसानों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, यह सरकार की प्राथमिकता है सहायता पाने वालों में ग्राम पंचायत शिवदहा के कपिल देव सिंह (46,560 रुपये) और अदालत सिंह (39,240 रुपये) प्रमुख रहे। इसके अलावा विद्यावती व वीरेंद्र बहादुर को 7,395-7,395 रुपये, समरजीत सिंह को 14,880 रुपये, नरेंद्र सिंह को 10,980 रुपये, अशोक कुमार को 9,570 रुपये, मोहम्मद इदरीश को 9,060 रुपये सहित कुल 28 किसानों को चेक सौंपे गए। ग्राम धौली के अरुण कुमार और अरविंद को भी राहत राशि प्रदान की गई।

